जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 वर्षः 51 संख्याः 120 प्रभात कोटा, गुरूवार 12 फरवरी, 2026 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## भाजपा राहुल गांधी को घेरने की फिराक में है

### पर, पार्टी में मतभेद हैं कि राहुल को पुनः संसद से ''डिस्क्वालिफाई'' करा दिया जाता है तो वे ''हीरो'' के रूप में उभर सकते हैं तथा जनता में उनके प्रति सहानुभूति उभरेगी

- पर, दूसरी सोच यह है कि राहुल गांधी को सबक सिखाना जरूरी है तथा अगर भाजपा से नज़दीकी रखने वाले चुनाव आयुक्त हों तो डिस्क्वालिफिकेशन से रिक्त हुई सीट पर उपचुनाव छः महीने नहीं होने दे।
- पर, बहरहाल अभी तो इस बात पर भाजपा में आम सहमति बनी है कि राहुल गांधी के खिलाफ सदन में ''प्रिवलेज'' प्रस्ताव तो लाया ही जाए, जिस तरह बजट पर बोलते हुए उन्होंने मंत्री हरदीप पुरी व बिज़नैसमैन अनिल अंबानी पर लांछन लगाया कि उनके नाम ''एप्स्टीन फाइल्स'' में आये हैं।
- भाजपा, इस बात से भी काफी उत्तेजित है कि जिस तरह राहुल गांधी ने प्र.मंत्री पर कई आरोप लगाए, अमेरिका के सामने आत्म समर्पण किया। पर, दुविधा यह है कि भाजपा निश्चित नहीं कर पा रही है कि राहुल गांधी से किस तरह डील किया जाए।

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 फरवरी। भाजपा ने राहुल गांधी को घेरने के लिए कमर कस ली है, और उनके खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव लाने की पूरी तैयारी में है, क्योंकि राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके मंत्रियों के खिलाफ लगातार बयानबाजी कर रहे है और उसे लेकर भाजपा कार्रवाई करना चाहती है।

यह अवसर आज तब आया, जब बजट पर बोलते हुए राहुल गांधी ने मंत्री हरदीप पुरी और उद्योगपति अनिल अंबानी का नाम एप्स्टीन फाइल्स में शामिल होने के संबंध में लिया।

इसके साथ ही राहुल गांधी ने यह भी कहा कि मोदी पर दबाव था, क्योंकि अडानी के खिलाफ अमेरिका की अदालतों में एक मामला चल रहा था, और चूंकि अडानी मोदी के वित्तीय सहयोगी और आर्किटेक्ट हैं, इसलिए प्रधानमंत्री पर दबाव था और उन्होंने भारत-अमेरिका ट्रेड डील के मामले में ट्रम्प के सामने समर्पण कर दिया।

सूत्रों का कहना है कि एक विशेषाधिकार प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम 50 हस्ताक्षरों की आवश्यकता होती है।

सूत्रों ने बताया कि मोदी सरकार और भाजपा में इस पर मतभेद है कि क्या राहुल गांधी को सदन की सदस्यता के अयोग्य ठहराने की दिशा में आगे बढ़ा जाए।

एक गुट का मानना है कि यह कदम अक्लमंदी नहीं होगा, क्योंकि इससे राहुल गांधी एक ''हीरो'' बन जाएंगे तथा और अधिक लोग उनके प्रति सहानुभूति दिखाएंगे।

दूसरा गुट, जो सख्त रुख अपनाए हुए है, उसका कहना है कि राहुल गांधी को सबक सिखाना चाहिए।

यदि उन्हें अयोग्य घोषित किया जाता है, तो सरकार का आज्ञाकारी चुनाव आयुक्त यह सुनिश्चित करेगा कि चुनाव 6 महीने से पहले नहीं कराए जाएं।

लेकिन वे राहुल गांधी को अपमानित करने के लिए उनके खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव लाना चाहते हैं।

राहुल गांधी के मोदी और उनकी सरकार के खिलाफ तीखे शब्दों ने सरकार को आहत किया है, लेकिन सरकार को यह समझ में नहीं आ रहा कि राहुल गांधी के साथ क्या किया जाए,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'सोनम वांगचुक को स्वास्थ्य के आधार पर रिहा नहीं किया जा सकता'

- केन्द्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया।

नई दिल्ली, 11 फरवरी। केन्द्र सरकार ने आज सुप्रीम कोर्ट को बताया कि लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को स्वास्थ्य आधार पर डिटेंशन से रिहा नहीं किया जा सकता। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पी.बी. वराले की खंडपीठ को बताया कि अदालत के अनुरोध पर स्वास्थ्य आधार पर डिटेंशन की समीक्षा के लिए गंभीरता से विचार किया गया, लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया जा सका। मेहता ने कहा कि जेल मैनुअल के अनुसार, वांगचुक की 28 बार चिकित्सकीय जांच की गई है और वे स्वस्थ, ठीक-ठाक और सामान्य हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें कुछ पाचन संबंधी समस्या हुई थी, जिसका इलाज चल रहा है और कोई चिंताजनक स्थिति नहीं है। पिछली सुनवाई में जस्टिस वराले ने मौखिक रूप से वांगचुक की स्वास्थ्य स्थिति पर चिंता जताई थी और डिटेंशन पर पुनर्विचार का सुझाव दिया था, जिस पर न्यायमूर्ति कुमार ने भी सहमति व्यक्त की थी। पीठ ने यह भी टिप्पणी की थी कि यह ऐसा मामला नहीं है जिसमें केंद्र सरकार वांगचुक की स्वास्थ्य स्थिति को पूरी तरह नकार रही हो।

## 'राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के सभी 6 अंतरे बजाना अनिवार्य होगा'

### केन्द्र सरकार ने स्कूलों व सरकारी कार्यक्रमों के लिए दिशा-निर्देश जारी किया

- केन्द्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार, राष्ट्रगीत वंदे मातरम् , राष्ट्रगान जन गण मन से पहले बजाया जाएगा। सिनेमा घरों में भी गीत बजाया जाएगा, पर, इसके लिए खड़े होना अनिवार्य नहीं है।
- ज्ञातव्य है कि कांग्रेस ने अक्टूबर 1937 में वंदे मातरम् को राष्ट्रगीत के रूप में अपनाया था, तब इसके तीन अंतरे ही मंजूर किए थे। बाद के तीन अंतरे छोड़ दिए गए थे, जिनमें हिंदू देवी मां दुर्गा की वंदना की गई थी।
- यह गीत 7 नवम्बर 1875 में लिखा गया था, गत वर्ष नवम्बर में इसकी 150वीं जयन्ती पर संसद का विशेष सत्र बुलाकर भाजपा ने कांग्रेस पर सांप्रदायिक आधार पर गीत को विभाजित करने का आरोप लगाया था।

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 फरवरी। एक राजनीतिक विवाद को फिर से जन्म देने की संभावना की कार्यवाही के अंतर्गत, केन्द्रीय सरकार ने बुधवार को नए दिशा-निर्देश जारी किए, जो सरकारी आयोजनों और स्कूलों में राष्ट्रीय गीत ''वन्दे मातरम्'' के सभी छह अन्तरों को गाने की अनिवार्यता तय करते हैं। नए दिशा-निर्देशों में यह भी निर्देश है कि गीत नागरिक पुरस्कार समारोहों में और राष्ट्रपति के आगमन और प्रस्थान के दौरान बजाया जाए। सिनेमा हॉल्स को भी यह गीत बजाना आवश्यक होगा, हालांकि गीत के दौरान वहां बैठे लोगों को खड़ा होना अनिवार्य नहीं होगा।

कांग्रेस, जिसने ''वन्दे मातरम्'' को राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया था, जाहिर तौर पर सभी छह अन्तरों को अपनाने के विचार से असहज रही है, क्योंकि बाद के अन्तरों में देवी दुर्गा की वंदना की गई है। अक्टूबर 1937 में, कांग्रेस कार्य समिति ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें केवल पहले दो अन्तरों को अपनाया गया था, ताकि कथित तौर पर, गीत की धर्मनिरपेक्ष अपील बनी रहे।

देश के सांस्कृतिक पुनर्जागरण को बढ़ावा देने और देश की धरोहर पर पुनः दावा करने के अपने प्रयासों के तहत, एनडीए सरकार गीत को वह महत्व देने की कोशिश कर रही है, जिसके योग्य यह गीत है। पिछले साल नवंबर से, सरकार राष्ट्रीय गीत, जिसे 7 नवम्बर, 1875 को रचा गया था, के 150 वर्ष की वर्षगांठ का एक वर्ष लंबा उत्सव मना रही है। प्रधानमंत्री ने एक विशेष स्मारिका डाक टिकट और सिक्का जारी करके इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'डॉक्टर्स को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम से बाहर रखा जाए'

### एक जनहित याचिका में की गई इस मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार से जवाब मांगा

- सुप्रीम कोर्ट ने एसोसिएशन ऑफ हैल्थकेयर प्रोवाइडर्स द्वारा दायर जनहित याचिका पर केन्द्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय, केन्द्रीय उपभोक्ता मामलात मंत्रालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।
- उपभोक्ता/संरक्षण कानून में चिकित्सा सेवा को भी शामिल किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने 1995 के एक फैसले में कहा था कि अगर डॉक्टर निःशुल्क सेवा नहीं दे रहे हों तो उनके द्वारा दिया गया इलाज उपभोक्ता सेवा के दायरे में ही आता है।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 फरवरी। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय को, एक जनहित याचिका पर नोटिस जारी किया तथा जवाब मांगा यह याचिका हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (इंडिया) एसोसिएशन की ओर से दायर की गई है, जिसमें 2019 के उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत चिकित्सा पेशेवरों को बाहर करने की मांग की गई है।

इस जनहित याचिका में कहा गया है कि उपभोक्ता संरक्षण कानून, जो मरीजों को उपभोक्ता अदालतों में दावा करने की शक्ति देता है, चिकित्सा लापरवाही के लिए हर्जाना मांगने का अधिकार प्रदान करता है, और इसमें चिकित्सा पेशेवरों को शामिल करना ''डॉक्टर-पेशेंट रिश्ते के विश्वास को कमज़ोर करता है और चिकित्सा प्रैक्टिस की नैतिक नींव को नष्ट करता है।''

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (इंडिया) एसोसिएशन (एएचपी) और इसके पूर्व अध्यक्ष, बेंगलुरु के एक डॉक्टर द्वारा दायर जनहित याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें कहा गया कि चिकित्सा सेवाओं पर उपभोक्ता कानून लागू करने से चिकित्सा प्रैक्टिस में रक्षात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलता है। इसमें कहा गया है कि चिकित्सा लापरवाही की जांच करने के लिए अन्य, अधिक उपयुक्त तंत्र हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'तीन साल से एक जगह तैनात अफसरों का तबादला होगा'

- चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के आगामी विधानसभा चुनावों से पहले किया बड़ा फैसला।

कोलकाता, 11 फरवरी। पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने तीन वर्ष से अधिक समय से एक ही पद या जिले में तैनात प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के तबादले का निर्देश दिया है। बुधवार को आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

निर्देश के अनुसार, यह आदेश जिलाधिकारी, अतिरिक्त जिलाधिकारी, प्रखंड विकास अधिकारी, उप-मंडलाधिकारी और अन्य जिला स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों पर लागू होगा। इसके साथ ही, पुलिस महानिरीक्षक (आईजी), उप-महानिरीक्षक (डीआईजी), पुलिस अधीक्षक (एसपी) और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को भी स्थानांतरित किया जाएगा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बांग्लादेश में जमात ए इस्लामी का रुख भारत के प्रति नरम हुआ

### जमात के नेता कह रहे हैं कि भारत के साथ अच्छे संबंध बांग्लादेश के लिए बेहद जरुरी हैं

- जमात के एक कद्दावर नेता, मीर अहमद बिन कासेम अरमान, जो ढाका-14 से चुनाव लड़ रहे हैं, का मुकाबला बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी की ताकतवर नेता संजीदा इस्लाम से है। अरमान ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि भारत और बांग्लादेश एक दूसरे के लिए जरुरी हैं। हमें साथ मिलकर काम करना होगा।
- बांग्लादेश में 12 फरवरी को चुनाव होने हैं और उसके बाद वहाँ निर्वाचित सरकार सत्ता में आएगी। फिलहाल मरहूम खालिदा ज़िया की बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी आगे चल रही है, जिसे उदारवादी छवि के कारण सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है।
- लेकिन, जमात का बदलता रुख संकेत दे रहा है कि अपने भारत विरोधी और पाक समर्थक ट्रैक रिकॉर्ड के बाद भी जमात भारत के साथ सहयोग की संभावनाएं तलाश रही है।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 फरवरी। बांग्लादेश में गुरुवार को होने वाले अहम चुनाव से एक दिन पहले, जिसमें नई सरकार चुनी जाएगी और लोकतांत्रिक सरकार का गठन होगा, जमात का एक प्रमुख उम्मीदवार चर्चा में है। ढाका-14 सीट से जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार बैरिस्टर मीर अहमद बिन कासेम अरमान एक हाई-प्रोफाइल चुनाव लड़ रहे हैं।

अगस्त 2024 से बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार चल रही है, क्योंकि जुलाई 2024 में हिंसक प्रदर्शनों के बाद शेख हसीना के नेतृत्व वाली पिछली सरकार को हटा दिया गया था।

तब से ध्यान इस बात पर है कि चुनाव के बाद बांग्लादेश पर कौन शासन करेगा। इस दौड़ में दो मुख्य दावेदार हैं, पहली है, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी), और दूसरी है, बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी, जो एक कट्टर इस्लामी पार्टी है और समाज के सभी वर्गों के मतदाताओं को आकर्षित करने की कोशिश कर रही है।

ढाका-14 सीट से जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार अरमान एक हाईप्रोफाइल चुनाव लड़ रहे हैं। वे बांग्लादेश में जबरन गायब किए जाने की घटनाओं के पीड़ित रह चुके हैं। वे बीएनपी की उम्मीदवार संजीदा इस्लाम उर्फ तुली के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, जो 'मदर्स कॉल' नाम के संगठन की समन्वयक हैं। यह संगठन जबरन गायब किए गए लोगों के परिवारों द्वारा बनाया गया है। अरमान ने कहा, ''हम फिर से तानाशाही नहीं चाहते। मैं जबरन गायब किए जाने का शिकार रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि जनमत संग्रह में 'हां' की जीत होगी।''

अरमान जमात के बड़े नेताओं में से एक हैं और भारत के साथ मिलकर काम करने की वकालत कर रहे हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## रितु तावड़े बनीं मुम्बई की मेयर

- शिवसेना (शिंदे गुट) के संजय घाड़ी बने डिप्टी मेयर।

मुंबई, 11 फरवरी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पार्षद रितु तावड़े बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) की निर्विरोध महापौर चुनी गई हैं। वहीं, शिवसेना (शिंदे गुट) के पार्षद संजय घाड़ी उपमहापौर बने हैं। इसकी घोषणा बुधवार को बीएमसी मुख्यालय में निगम आयुक्त भूषण गगरानी ने की।

आयुक्त गगरानी ने कहा कि महापौर पद के लिए केवल भाजपा पार्षद रितु तावड़े का ही नामांकन प्राप्त हुआ था, इसलिए उन्हें बीएमसी का महापौर घोषित किया जाता है। इसी तरह, उपमहापौर पद के लिए केवल संजय घाड़ी का ही नामांकन प्राप्त हुआ, इसलिए उन्हें उपमहापौर घोषित किया जाता है।

इस दौरान, मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने रितु तावड़े और संजय घाड़ी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'आपने भारत माता को बेच दिया, आपको शर्म नहीं आ रही'

### राहुल गांधी ने सदन में प्र.मंत्री मोदी पर लांछन लगाया कि देश का मार्केट अमेरिका के कृषि उत्पादनों व डेयरी प्रॉडक्ट के लिए खोलकर करोड़ों भारतीय किसानों के जीविकोपार्जन को खतरे में डाल दिया है

- राहुल गांधी ने कहा, ट्रेड डील से अमेरिका का टैरिफ तीन प्रतिशत से बढ़ाकर अब 18 प्रतिशत करना स्वीकार कर लिया गया है।
- ट्रेड डील में राहुल गांधी के अनुसार, हम पर लागू टैरिफ तीन प्रतिशत से बढ़कर 18 प्रतिशत हो गया है, पर, अमेरिका पर भारत द्वारा लगाया गया टैरिफ अब 16 प्रतिशत से घट कर ज़ीरो प्रतिशत हो गया है।
- साथ ही, राहुल गांधी ने यह भी कहा कि हमारे ऊपर कई प्रतिबद्धताएं लागू हो गई हैं, नई ट्रेड डील से, पर, अमेरिका पर कोई शर्त या प्रतिबद्धता लागू नहीं हुई है।
- राहुल के अनुसार, भारत नई ट्रेड डील में 500 अरब डॉलर की एनर्जी व अन्य टैक्नॉलजी प्रोडक्ट्स अमेरिका से खरीदेगा, पर, भारत का अमेरिका को निर्यात जो अभी 46 अरब डॉलर है, से बढ़कर 176 अरब डॉलर ही हो पाएगा।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 11 फरवरी। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को अमेरिका के साथ हुए व्यापार और टैरिफ समझौते को लेकर सरकार की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने देश के कृषि और डेयरी मार्केट को अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए खोलकर ''भारत माता को बेच दिया'' है।

गांधी ने गजरते हुए कहा कि सरकार को ''शर्म आनी चाहिए''। उन्होंने विपक्षी नेताओं की इस आलोचना को दोहराया कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते ने अमेरिकी सामान को भारत में आने की अनुमति देकर करोड़ों किसानों, खासकर छोटे और सीमांत किसानों, तथा उनसे जुड़े उद्योगों की रोजी-रोटी को खतरे में डाल दिया है।

उनकी आलोचना का मुख्य आधार यह दावा था कि अमेरिका के टैरिफ, 2025 से पहले के औसत तीन प्रतिशत, जो बेसलाइन एमएफएन (मोस्ट फेवर्ड नेशन) दरों का हिस्सा थे, से बढ़कर इस महीने हुए समझौते के बाद 18 प्रतिशत हो गए हैं।

बीच में, डॉनल्ड ट्रंप ने अनुचित टैरिफ की शिकायत की और ''रैसिप्रोकल'' शुल्क लागू करने की घोषणा की, तब ये दरें 50 प्रतिशत तक पहुंच गई थीं। इसके बाद भारत द्वारा रूसी तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत की ''पैनल्टी'' भी लगाई गई थी।

गांधी ने कहा, ''आपने भारत को बेच दिया... क्या भारत को बेचने में आपको शर्म नहीं आती?'' उन्होंने कहा, ''इतिहास में पहली बार हमारे किसान बड़े संकट का सामना कर रहे हैं और आपने हमारे गरीब किसानों को कुचलने के लिए दरवाजा खोल दिया है।''

उन्होंने कहा, ''किसी भी प्रधानमंत्री ने पहले ऐसा नहीं किया।'' उन्होंने जोर देकर आगे कहा कि इस समझौते में ''कोई तर्क नहीं'' है।

उन्होंने कहा, ''आपने यह क्या किया... शुरुआत में तीन प्रतिशत औसत था। अब यह 18 प्रतिशत हो गया है, यानी छह गुना बढ़ोतरी। अमेरिका से आयात 46 अरब डॉलर से बढ़कर 146 अरब डॉलर हो जाएगा... यह पूरी तरह बेतुका है।''

गांधी ने कहा, ''उनकी हमारे प्रति कोई प्रतिबद्धता नहीं है... लेकिन हमारी उनके प्रति प्रतिबद्धता है।'' गांधी उस प्रावधान का जिक्र कर रहे थे, जिसमें

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पैनग्विन रैंडम हाउस को नोटिस

- दिल्ली पुलिस ने नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक को सोशल मीडिया पर उपलब्ध कराने के मामले में इस पब्लिशिंग हाउस से जवाब तलब किया है।

नई दिल्ली, 11 फरवरी। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल (विशेष प्रकोष्ठ) ने पैनग्विन रैंडम हाउस इंडिया को नोटिस जारी कर पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक को सोशल मीडिया पर उपलब्ध कराने के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। दूसरी तरफ, दिल्ली पुलिस ने पूर्व सेना प्रमुख की पुस्तक को लेकर दर्ज मामले में और सीक्रेट एक्ट व कॉपी राइट की धाराएं भी जोड़ी हैं।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह नोटिस ऐसे समय में जारी किया गया,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

अवसर तुम्हारा दरवाज़ा एक ही बार खटखटाता है। –कहावत

# भजनलाल सरकार का तीसरा बजट: हर राजस्थानी के सपनों को पूरा करने वाला बजट है

वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बुधवार को राज्य विधान सभा में वर्ष 26-27 का सालाना बजट प्रस्तुत करते हुए आशा व्यक्त की है कि यह बजट हर राजस्थानी के सपनों को पूरा करेगा। यह एक बहुत ही संतुलित, सर्वसमावेशी और विकास को बढ़ावा देने वाला बजट है। इस बार बजट का कुल आकार 21 लाख 52 हजार 100 करोड़ रुपये रखा गया है। यह पिछले साल के मुकाबले 41.39 प्रतिशत अधिक है, जो राजस्थान के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। यह बजट पिछले साल की तुलना में करीब 10 फीसदी ज्यादा है। इस बजट में राज्य सरकार ने किसानों, महिला सशक्तिकरण, युवाओं और रोजगार को फोकस में रखा है। बजट प्रदेश की जनता के प्रति सरकार के प्रत्येक दायित्व को पूरा करने का संकल्प दर्शाता है। इसमें हर क्षेत्र, हर वर्ग और हर नागरिक को सशक्त बनाने का स्पष्ट दृष्टिकोण है।

ये विकसित भारत 2047 के संकल्प को गति देता देगा। विकसित राजस्थान को साकार करने के लिए इस विकास यात्रा में गरीब, युवा, अन्नदाता व नारी शक्ति की अहम भूमिका को सरकार ने सेवा, समर्पण एवं सुशासन को प्राथमिकता दी है। इस बजट में गरीबों और किसानों का कल्याण, वंचितों का सम्मान और महिलाओं और हर वर वर्ग का उत्थान शामिल है। यह बजट प्रधान मंत्री के सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र को सार्थक करेगा। यह विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में एक शानदार बजट है। बजट में समाज के सभी वर्गों को कमोवेश राहत प्रदान की गई है।

वित्त मंत्री ने आम आदमी के कल्याण की विभिन्न घोषणाओं का पिटारा खोलते हुए अपनी सरकार का मंतव्य भी स्पष्ट कर दिया। यह बजट युवाओं, गरीबों, किसानों, महिलाओं और सभी क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देने वाला है। बजट में समाज के सभी वर्गों को खुश करने का प्रयास किया है। यह विकसित राजस्थान के सपने को साकार करने वाला एक बेहतरीन बजट है। सरकार का दावा है कि यह बजट सभी वर्गों का सम्मान करते हुए लोगों का जीवन आसान बनाने पर केंद्रित है।

बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में सत्तारूढ़ दल के विधायकों ने जहां तारीफों के पुल बांधे वहीं विपक्षी सदस्यों ने कहा कि इसमें कुछ भी नया नहीं है।

बजट में आम तौर पर फोकस इस बात पर रहता है कि सरकार का खजाना कैसे भरे, लेकिन ये बजट उससे बिल्कुल उल्टा है। यह बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास में भागीदार कैसे बने, इसकी बहुत मजबूत नींव रखता है। वित्त मंत्री ने अपने तीन घंटे के भाषण में हर सेक्टर को छूने का प्रयास किया है। बजट में सभी वर्गों के लिए कुछ न कुछ प्रावधान किए गए हैं। इसमें शहरी क्षेत्र में सड़कों के लिए 1800 करोड़ रुपए बजट प्रस्ताव, ब्लैक स्पॉट्स सुधार के लिए 100 करोड़ रुपए किए जाएंगे खर्च होंगे, 42 हजार किलोमीटर लंबी सड़कों का विस्तार किया जायेगा। बजट में 8वें वेतन आयोग के गठन के लिए हाईपावर कमेटी बनाने की घोषणा की गई है। प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता और सुव्यवस्थित संचालन के लिए नई टेस्टिंग एजेंसी स्थापित की जाएगी। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्कूली बच्चों को खेल किट और 'जादुई पिटारा' उपलब्ध कराया जाएगा। यह कदम शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों को मजबूती देने की दिशा में माना जा रहा है। शेखावाटी तक हथनी कुंड से यमुना का पानी लाने की 32 हजार करोड़ रुपये की परियोजना जल्द शुरू होगी। बीसलपुर की दायीं मुख्य नहर के 5000 हेक्टेयर क्षेत्र में 100 करोड़ रुपये से फव्वारा सिंचाई प्रणाली लागू की जाएगी। अगले वर्ष 50 हजार सोलर पंप लगाने पर 1500 करोड़ रुपये खर्च होंगे और कृषि यंत्रों पर 160 करोड़ रुपये का अनुदान दिया जाएगा। इसके अलावा 8000 डिग्गियों का निर्माण और 36 हजार फार्म पोंड के लिए अनुदान दिया जाएगा, जिससे 80 हजार से अधिक किसानों को लाभ मिलने की उम्मीद है। साथ ही मिसिंग लिंक सड़कों के लिए 600 करोड़ रुपए खर्च होंगे। राजमार्गों पर विकसित की जाएगी वे साइड एमेनिटीज। लॉजिस्टिक पार्क के लिए 400 करोड़ का बजट,, के लिए 920 करोड़ का प्रावधान। 600 ट्यूबवेल और 120 नए हैंड पंप लगाए जाएंगें। राजधानी जयपुर में 10 करोड़ की लागत से सेंटर फॉर एक्सीलेंस, मोबाइल वॉटर टेस्टिंग लैब होगी शुरू होंगी। 1050 तकनीकी कर्मचारियों के संविदा काडर में वृद्धि करते हुए 3000 पदों पर भर्ती की जाएगी। नॉनपैचेबल सड़कों के लिए 1400 करोड़ दिए जायेंगे। 220 केवी के 6, 132 केवी के 13 और 33 केवी के 110 नए जीएसएस की घोषणा की गई है। वर्षा जल निकासी और बाढ़ सुरक्षा के लिए जयपुर में 500 करोड़ रुपए और सड़क सुधार सुधार पर 2700 करोड़ खर्च होंगे। अजमेर में 200 करोड रुपए के ड्रेनेज सिस्टम कार्य होंगे। 2000 पदों पर अतिरिक्त संविदा भर्ती का ऐलान। प्रदेश में बिना डॉक्युमेंट वाले मरीजों को भी फ्री इलाज़ मिलेगा। अरावली पर्वतमाला के संरक्षण के लिए बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि करीब 130 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। साथ ही अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए कई काम किए जाएंगे। 16 लाख से ज्यादा महिलाओं को लखपति दीदी की श्रेणी में लाया गया है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने और रोजगार के पर्याप्त अवसर देने के लिए जिला स्तर पर ग्रामीण महिला बीपीओ स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए 100 करोड़ रुपये का व्यय किया जाना प्रस्तावित है। महिला उद्यमिता को और अधिक प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री लखपति दीदी योजना के अंतर्गत राज्य की लखपति दीदियों को ब्याज अनुदान पर दिए जा रहे ऋण की सीमा बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये कर दी गई है।

बजट में आम तौर पर फोकस इस बात पर रहता है कि सरकार का खजाना कैसे भरे, लेकिन ये बजट उससे बिल्कुल उल्टा है। यह बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास में भागीदार कैसे बने, इसकी बहुत मजबूत नींव रखता है। वित्त मंत्री ने अपने तीन घंटे के भाषण में हर सेक्टर को छूने का प्रयास किया है। बजट में सभी वर्गों के लिए कुछ न कुछ प्रावधान किए गए हैं।

भरतपुर के नगरीय क्षेत्रों में बाढ़ सुरक्षा हेतु 1020 करोड़ का प्रावधान। विभिन्न स्थानों पर नवीन औद्योगिक पार्कों की होगी स्थापना। ट्रांसफार्मर, फीडर और सब स्टेशन की होगी रियल टाइम मॉनिटरिंग। अजमेर डिस्कॉम के ग्रिड को किया जाएगा एआई इनेबल्ड। एनटीए के तर्ज पर राजस्थान स्टेट एजेंसी की स्थापना की घोषणा। 28 लाख परिवारों के लिए आवास निर्माण का कार्य स्वीकृत। ऑनलाइन सुविधा युक्त टेस्ट सेंटर्स का भी होगा निर्माण। नगर निकायों में 4 लाख नई स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत एक लाख युवाओं को 10 लाख तक के ऋण पर ब्याज अनुदान की सुविधा मिलेगी। बांधों के डाउन स्ट्रीम में लगेंगे सायरन, खर्च होंगे 10 करोड़ रुपए।

**–अतिथि संपादक,**
**बालमुकुन्द ओझा,**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल गुरूवार 12 फरवरी, 2026



पंडित अनिल शर्मा

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2082, ज्येष्ठा नक्षत्र दिन 1:42 तक, हर्षण योग रात्रि 3:06 तक, विष्टि करण दिन 12:23 तक, चन्द्रमा आज दिन 1:42 से धनु राशि में संचार करेगा।


**गृह स्थिति:** सूर्य–मकर, चन्द्रमा–वृश्चिक, मंगल–मकर, बुध–कुम्भ, गुरू–मिथुन, शुक्र–कुम्भ, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह आज भद्रा दिन 12:23 तक है। आज फाल्गुनी संक्रांति सूर्य कुम्भ में रात्रि 4:09 पर प्रवेश करेगा। आज महर्षि दयानन्द सरस्वती जयन्ती।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:33 तक, चर 11:18 से 12:41 तक, लाभ–अमृत 12:41 से 3:27 तक, शुभ 4:50 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 7:10, सूर्यास्त 6:12




**मेष**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।




**वृष**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है।




**मिथुन**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय दूर होगा। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**कर्क**
परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है। आपसी ईर्ष्या–वैमनस्यता के कारण परेशानी हो सकती है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।



**सिंह**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। स्वास्थ्य संबंधित कारणों से मन में असंतोष बना रहेगा।



**कन्या**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।




**तुला**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।




**वृश्चिक**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिल सकती है। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।




**धनु**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात मन:स्थिति में सुधार होगा।



**मकर**
आर्थिक/वित्तीय मामलों से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।



**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मीन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

# आम आदमी को राहत व प्रदेश के विकास को आगे ले जाने वाला बजट



सी.ए. शंकर अग्रवाल

आर्थिक विशेषज्ञ सी.ए. शंकर अग्रवाल ने राज्य बजट को आम आदमी को राहत व अनेक विकास योजनाओं के साथ–साथ भविष्य के विकसित राजस्थान का नक्शा प्रस्तुत किया है। वित्त मंत्री दीया कुमारी ने हर वर्ग चाहे किसान हो या व्यापारी, महिला, युवा, उद्यमी सभी वर्गों का ध्यान रखकर बजट प्रस्तुत किया है। गांव गरीब और किसान के साथ–साथ उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व इन्फ्रास्ट्रक्चर सभी क्षेत्रों को प्रगति पथ पर ले जाने का सरकार का इरादा साफ झलकता है। राजस्थान पर्यटन क्षेत्र में अग्रणी है। अत: पर्यटन को बढ़ावा देने की अनेक घोषणाऐं राज्य के विकास का आधार बनेगा। महिला सशक्तिकरण हेतु लखपति दीदी योजना के अन्तर्गत सोलह लाख लखपति दीदी, व्यवसाय हेतु मिलने वाला ऋण एक से बढ़कर डेढ़ लाख रूपये करना महिलाओं को प्रशिक्षण व बच्चों हेतु आंगनबाड़ी केन्द्रों पर तीन से छ: वर्ष की आयु के बच्चों को शिक्षा हेतु पंजीयन करना। किसानों को 25000 करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण तारबंदी हेतु दस से घटाकर सात किसानों की संख्या 2098 ग्राम पंचायत स्तर पर बर्मी कम्पोज खाद केन्द्र बनाये जायेंगे। 500 सोलर पम्पस पर 1500 करोड़ का खर्च, हरियाणा से किसानों को पानी उपलब्ध करवाना एवं 2.50 लाख किसानों को मुफ्त बीज उपलब्ध करवाने की घोषणा निश्चित ही प्रदेश के किसानों की हालत में सुधार के साथ–साथ राजस्थान कृषि क्षेत्र में अग्रणी होगा। अभी भी राजस्थान की कृषि का देश की औसत जीडीपी में योगदान 27 प्रतिशत है जो देश के अन्य राज्यों से कहीं ज्यादा है। राजस्थान का पहला बजट 7 अप्रेल 1952 को राज्य विधानसभा में नाथूराम मिर्धा ने वित्त मंत्री के रूप में प्रस्तुत किया था, जिसमें 1605.17.लाख का राजस्व व 1620.17 लाख का खर्च था। आज हमारे बजट में 325740.14 करोड़ का राजस्व एवं 350054.07 करोड़ का राजस्व व्यय है। दूसरे शब्दों में कहूं तो वर्षों तक पिछडा राजसीन कहलाने का कलंक राज्य की जनता ने झेला है।


आज हमारा राज्य पिछड़ा व बीमार राज्य से निकल कर विकासशील राजस्थान की अग्र श्रेणी में आ गया है। यह हमारे सभी के प्रयासों व सरकार की इच्छाशक्ति का परिणाम है कि आज 16430 किमी. की सड़कों का जाल राजस्थान में बिछा है, कहीं भी जायें सड़कों को देखकर राजस्थान की प्रगति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

राज्य की जीडीपी का देश की जीडीपी में 5.18 प्रतिशत योगदान है। किसी समय में हमारी जीडीपी दो से ढ़ाई प्रतिशत तक सीमित थी। आज राज्य की जीडीपी में 46 प्रतिशत हिस्सा सेवा क्षेत्र का है जिसमें पर्यटन सेवा, खनिज उद्योग क्षेत्र का बड़ा योगदान है। इसके अलावा 27 प्रतिशत उद्योग क्षेत्र व 27 प्रतिशत कृषि क्षेत्र का योगदान है। जहां राज्य में प्रवासी राजस्थानी उद्योग लगाने से डरते थे, क्योंकि यहां आधारभूत सुविधाओं के साथ–साथ बिजली–पानी का अत्यन्त अभाव था। राजस्थान जहां किसी समय में 3952 मेगावाट बिजली उत्पादन करता था, वहीं आज 6739 मेगावाट बिजली उत्पादन कर रहा है। जल आपूर्ति हेतु अनेक योजनाओं पर काम जारी है। अत: यह मानने में संकोच नहीं होना चाहिए कि राजस्थान में सभी क्षेत्रों में प्रगति की है। यह बहस का विषय हो सकता है कि किस सरकार ने कितना विकास कर राज्य को आगे बढ़ाया है। आज वित्त मंत्री ने राजस्थान की इस विकास यात्रा को आगे बढ़ाते हुये हर क्षेत्र को बिना नये कर लगाये, अतिरिक्त बजट देना व अनेक विकास योजनाओं की घोषणा निश्चित ही राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

**–सी.ए. शंकर अग्रवाल**

# आर्य समाज के संस्थापक "स्वामी दयानन्द सरस्वती"

## 12 फरवरी 2026 को स्वामी दयानन्द सरस्वती की 202वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन



डॉ. जे.के. गर्ग,

आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती एक महान विचारक, समाज सुधारक थे। उनका जन्म गुजरात के टंकारा में ओडीचय परिवार के अंदर 12 फरवरी 1824 को हुआ था, उनके बचपन का नाम मूल शंकर था। उन्होंने 'वेदों की ओर लौटो' का नारा दिया और मूर्तिपूजा, छुआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया। उन्होंने 1875 में आर्य समाज की स्थापना कर वैदिक धर्म के पुनरुत्थान और हिंदी और स्वराज्य के लिए कार्य किया। उन्होंने सत्य की खोज में युवावस्था में ही घर छोड़ दिया था।

**वेदों और वैदिक दर्शन के प्रकांड विद्वान**

10 अप्रैल 1875 को मुंबई में आर्य समाज की स्थापना की। उन्होंने सती प्रथा, बाल विवाह, पर्दा प्रथा का विरोध किया और महिला शिक्षा व विधवा पुनर्विवाह का समर्थन किया। हिंदी में सत्यार्थ प्रकाश उनका प्रसिद ग्रन्थ है। उन्होंने वेदभाष्य, और संस्कार विधि की रचना की। उन्होंने ही स्वराज्य का नारा सबसे पहलें 1876 में दिया। 30 अक्टूबर 1883 को दीपावली के दिन अजमेर में उनका निधन हुआ।

**स्वामी दयानंद सरस्वती मूर्ति पूजा के विरोधी थे**

स्वामी दयानंद ने अंधविश्वासों को मिटाकर वैदिक ज्ञान को पुनः स्थापित करने में अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचारों का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक सुधारों पर गहरा प्रभाव पड़ा। उनकी समाधि अजमेर में है। वे मूर्ति पूजा के विरोधी थे। स्वामी जी यज्ञ पर विशेष जोर देते थे। आर्य समाज के अनुयायी देश के विभिन्न हिस्से में निवास करते हैं।

**–डॉ. जे.के. गर्ग, पूर्व संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा जयपुर**

# एक प्रगतिशील मुस्लिम राष्ट्र: ओमान



प्रो .कैलाश सोडाणी

मेरी विद्यार्थी प्रोफेसर कनिज फातिमा, जो पिछले 16 वर्षो से ओमान की निजवा विश्वविद्यालय में शिक्षक है, के निमंत्रण पर मुझे ओमान यात्रा का अवसर मिला। विश्वविद्यालय में लगभग 10000 विद्यार्थी एवं 400 शिक्षक हैं। जिनमे से 50 प्रतिशत शिक्षक अन्य देशों से हैं। उच्च शिक्षा के मामले में ओमान काफी पीछे था। सरकार एवं जनता दोनों में जागरूकता आयी है। ओमान में लगभग 29 विश्वविद्यालय हैं, उनमें निजी और सरकारी दोनों शामिल है। सरकार बहुत ही आधुनिक एवं डिजिटल व्यवस्था से पूर्ण श्रेष्ठ इंफ्रास्ट्रक्चर से युक्त विश्वविद्यालय बना रही है। यही कारण है कि टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में ओमान के 10 विश्वविद्यालय शामिल है। निजवा विश्वविद्यालय ओमान का सर्वोच्च रैंकिंग वाला विश्वविद्यालय हैं।

विश्वविद्यालय में क्लास–रूम टीचिंग के प्रति बहुत गंभीरता है। विद्यार्थियों की उपस्थिति लगभग 90 प्रतिशत रहती है। पुस्तकालय बहुत ही धनाढ्य एवं आधुनिक है। प्राय: अध्यापक एवं छात्र–छात्राएं कैफेटेरिया में ही लंच लेते हैं, जहां बहुत ही उम्दा किस्म का भोजन न्यूनतम दरों पर उपलब्ध है। पूरा विश्वविद्यालय ही वातानुकूलित है एवं कैंपस में पूर्ण शांति का माहौल है। महत्वपूर्ण बात यह है कि एक मुस्लिम देश के विश्वविद्यालय में छात्राओं की संख्या 90 प्रतिशत है। लडकियों में उच्च शिक्षा के प्रति यह जागरूकता ओमान के उज्जवल भविष्य की गारंटी प्रदान करती है। साथ ही छात्रों में उच्च शिक्षा के प्रति कमजोर मानसिकता चिन्ता का विषय है।

ओमान एक शांतिप्रिय, सुरक्षित एवं प्रगतिशील मुस्लिम राष्ट्र है। जहां सुल्तान के प्रभुत्व को स्वीकार करते हुए प्रजातांत्रिक व्यवस्था का लाभ भी ले रहे हैं।

आबादी लगभग 54 लाख है, जिसमें से 45 प्रतिशत प्रवासी हैं। प्रवासी समुदाय में सर्वाधिक संख्या भारतीयों की है, जो लगभग 9 लाख है। ओमान का कुल क्षेत्रफल लगभग 3,09,500 वर्ग किलोमीटर है। अपनी प्राचीन संस्कृति, पारंपरिक वास्तुकला, रेगिस्तानी नजारों और खूबसूरत समुद्री तटों के लिए मशहूर है। निजवा का म्यूजियम बहुत ही सराहनीय है। जहाँ ओमान के पुरातन से लेकर विकास की वर्तमान यात्रा को डिजिटल व्यवस्था से प्रदर्शित किया गया है। भारत के बड़े शहरों में भी इस प्रकार के म्यूजियम बनाने की आवश्यकता है। पर्यटन और मेहमान–नवाजी देश की पहचान है। देश की अर्थव्यवस्था तेल एवं गैस पर निर्भर है।

देश की शत–प्रतिशत आबादी को बिजली, पानी, शिक्षा एवं चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध है। बहुत ही मजबूत एवं खूबसूरत सडके हैं। लोगों में उच्च स्तर का ट्राफिक सेंस है इसलिए गाडयिां 125–150 किलोमीटर की रफ्तार से बिना हॉर्न की आवाज के दौड रही है। पूरे देश में पार्किंग व्यवस्था बहुत ही सराहनीय है ।


पूरा देश स्वच्छ है। नागरिक स्वच्छता एवं ट्राफिक व्यवस्था के प्रति बहुत ही गंभीर एवं अनुशासित हैं । कानून की पालन करना उनके जीवन शैली का स्वाभाविक हिस्सा बन चुका है । नीचे के स्तर पर भ्रष्टाचार नहीं है। नागरिकों का जीवन स्तर अच्छा है। लोग प्राय: दिन में मकान और दुकान पर ताला ही नहीं लगाते हैं। आप कभी कोई चीज कहीं भूल जाते है, दो–चार दिन बाद भी वह वस्तु वहीं मिलती है।

भारत और ओमान के मध्य अच्छे संबंध है। 2024 में दोनों देशों के मध्य 10.61 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था। भारत के निर्यात 4.06 अरब डॉलर के मुकाबले आयात अधिक है, जो 6.55 अरब डॉलर है। कुछ दिनों पूर्व हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की ओमान यात्रा के दौरान जो समझौते हुए उसके आधार पर अगले पाँच वर्षों में दोनों देशों का व्यापार 20 अरब डॉलर तक पहुँच जाएगा। पिछले 15 वर्षो से रह रहे भारतीय व्यापारी श्री मोइज के अनुसार ओमान में व्यापार करना बहुत ही सहज है। एक बार जो हिंदुस्तानी यहां आ गया, वह यहां के सौहार्दपूर्ण वातावरण में रम–बस जाता है।

इस यात्रा में मेरे एक और विद्यार्थी से मुलाकात हुई। श्री अशोक पुरोहित जो पत्रकार है और ओमान टाइम्स में सह–संपादक है, पिछले 26 वर्षो से ओमान में ही कार्यरत है। भारत एवं ओमान के श्रेष्ठ संबंधों पर चर्चा के दौरान एक बहुत अच्छे वाकिये से वाकिफ करवाया। 1996 में भारत के तत्कालीन माननीय राष्ट पति डॉ. शंकरदयाल शर्मा ओमान यात्रा पर पधारे। ओमान के सुल्तान (राष्ट्रपति) काबूस बिन सईद का अध्ययन–अध्यापन भारत में हुआ था। डॉ. शंकरदयाल जी उनके शिक्षक थे। सुल्तान काबूस ने एक विद्यार्थी की हैसियत से अपने शिक्षक का भाव–भीना ऐतिहासिक स्वागत किया । डॉ. शर्मा हमारे सुल्तान के शिक्षक है, इसी भावना से संपूर्ण ओमान में वहाँ के नागरिकों ने सडक के दोनों ओर खड़े होकर डॉ. शंकरदयाल जी का स्वागत एवं अभिनंदन किया ।

**–प्रो .कैलाश सोडाणी, पूर्व कुलगुरु, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा**

# ग्रामीण भारत को विकसित बनाने की संकल्पना पूर्ण करने में मददगार होगी वीबी–जी राम जी



खेमचन्द बैनीवाल

वीबी–जी राम जी– विकसित भारत जिसका पूरा नाम रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) है, ग्रामीण विकास ढांचे को मजबूत बनाने का संकल्प है। यह विकसित भारत 2047 के केन्द्रीय बिन्दुओं युवा, किसान, महिला और गरीब को सशक्त करने का रोडमैप है। गरीब और किसान को सीधा कनेक्ट करने वाली यह योजना जरूरतमंद ग्रामीण आबादी विशेषकर गरीब(उसे ज्यादा जरूरत है) को पर्याप्त रोजगार की गारंटी देती है और किसान को खाली समय में अतिरिक्त रोजगार प्रदान करने के साथ ही व्यवस्था करती है जिससे पीक सीजन में श्रम की इतनी अनुपलब्धता न हो जाए कि खेती घाटे का सौदा हो जाए या हमारी खाद्य सुरक्षा ही खतरे में पड़ जाए। इसके साथ ही यह भारतीय कृषि को परोक्ष रूप से वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाती है।

यह योजना हर ग्रामीण परिवार को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में एक सौ पच्चीस दिनों की मजदूरी की वैधानिक गारंटी देती है, ग्रामीणों का सशक्तीकरण करती है, महात्मा गांधी, दीनदयाल उपाध्याय और नानाजी देशमुख की ग्राम स्वराज और ग्राम विकास की संकल्पनाओं को साकार करने का रास्ता तैयार करती है।

**छीजत पर रोक, एआई टूल्स का अपयोग कर गड़बड़ी की सम्भावना करेंगे शून्य–**

इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि मनरेगा ने ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार दिया, विशेषकर विपरीत मौसम के समय ग्रामीण आबादी को बीमा जैसे सुविधा दी लेकिन भविष्य के लिए टिकाऊ परिसम्पत्तियों के निर्माण करने में उतनी सफल नहीं हो पायी और इसी बिन्दु पर वीबी–जी राम जी जैसी योजना की आवश्यता महसूस की गई।

नई योजना का फोकस जल सुरक्षा और जल संरक्षण पर है जिसमें सिंचाई सुविधाओं का विकास और बाढ़ बचाव कार्य भी शामिल हैं। इससे प्रत्यक्ष रूप से किसान व परोक्ष रूप से समूची ग्रामीण आबादी को लाभ मिलेगा।

यह योजना 'विकसित ग्राम पंचायत' संकल्पना को साकार करने के लिए 'पीएम गति शक्ति' के साथ एकीकृत करने का स्वप्न बुनती और साकार करती है ताकि ग्राम पंचायतों की विविध आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके जिससे सड़क बनने के बाद पाइपलाइन के लिए सड़क नहीं तोड़नी पड़े या इकॉलोजी सिस्टम को हानि पहुंचाने वाला या नदी बहाव में रूकावट ड़ालने वाला जल संरक्षण ढांचा स्वीकृत या निर्मित न हो।

योजना का लाभ समय पर मिले और पूरा मिले, इसके लिए व्यापक डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के माध्यम से सुशासन, जवाबदेही और नागरिक सहभागिता को आधुनिक किया गया है। इसमें विभिन्न स्तरों पर बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण, जीपीएस या मोबाइल–आधारित कार्यस्थल निगरानी, रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम , डैशबोर्ड, सक्रिय सार्वजनिक प्रकटीकरण, बेहतर और नियमित ऑडिट तथा धोखाधड़ी–जोखिम न्यूनीकरण के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता(एआई) का उपयोग शामिल करने की परिकल्पना है।

**समय पर भुगतान, समय पर रोजगार नहीं तो बेराजगारी भत्ता–**

दैनिक मजदूरी का भुगतान एक सप्ताह के भीतर या असामन्य स्थिति में पंद्रह दिनों के भीतर किया जाएगा। राज्य सरकार वित्तीय वर्ष में बुआई तथा कटाई की चरम कृषि ऋतुओं को कवर करने वाली कुल साठ दिनों की ऐसी अवधि को अग्रिम अधिसूचित करेगी, जिसमें इस अधिनियम के अधीन कार्य नहीं किए जाएंगे। इससे किसानों को अपने खेतों में मजदूरी की कमी नहीं होगी व किसान–मजदूर सभी लाभ में रहेंगे। यदि योजना के अंतर्गत रोजगार आवेदक को आवेदन प्राप्ति के पंद्रह दिनों के भीतर या जिस तिथि से रोजगार मांगा गया है, रोजगार प्रदान नहीं किया जाता है तो वह इस धारा के प्रावधानों के अनुसार दैनिक बेरोजगारी भत्ता पाने का हकदार होगा।

**विकास और योजना की धुरी है ग्राम पंचायत–**

ग्राम पंचायत परिवार पंजीकरण एवं ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी करने, आवेदन लेने, मास्टर रोल जारी करने, रोजगार आवंटन करने का कार्य करेगी। ग्राम सभा कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण करेगी जो ग्राम स्वराज की संकल्पना को साकार करती है।

इस योजना में विशेष ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड का प्रावधान है। यह एकल महिला, दिव्यांग, साठ वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, मुक्त बंधुआ मजदूर, विशेष श्रेणी के जनजातीय समूह के व्यक्ति हो व ट्रांसजेंडर को उपलब्ध होगा। यह कार्ड सामान्य कार्ड से अलग रंग का होगा, जो उस श्रमिक का कार्य मूल्यांकन और कार्यस्थल सुविधाओं में विशेष संरक्षण सुनिश्चित करेगा। न्यूनतम 10 मजदूर उपलब्ध होने पर नया कार्य शुरू होगा, वनीकरण कार्यों में इस संख्या में छूट रहेगी।

**–खेमचन्द बैनीवाल, सहायक लेखा अधिकारी, जिला परिषद, जयपुर।**

## उत्तर-पश्चिम रेलवे ने उच्चतम राजस्व प्राप्त किया

**जोधपुर,** (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे ने वर्ष 2025-26 में टिकट चेकिंग में अब तक का उच्चतम राजस्व प्राप्त किया है। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन पिछले सभी रिकॉर्डों को पार कर गया है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे नें टिकट चेकिंग में इस वित्त वर्ष 2025-26 में 9 फरवरी तक टिकट चेकिंग से 63.50 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त किया है जोकि पिछले वर्ष इस अवधि में प्राप्त टिकट चेकिंग राजस्व की तुलना में 27.01 प्रतिशत अधिक है। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन पिछले सभी रिकॉर्डों को पार कर गया है। 63.50 करोड़ रूपए का यह राजस्व उत्तर पश्चिम रेलवे के पिछले उच्चतम वार्षिक राजस्व 63.22 करोड़ रूपए (वित्त वर्ष 2023-24) के आंकड़े को 50 दिन पहले पार कर चुका है। अमित सुदर्शन ने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे उत्कृष्टता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्ध है। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा बिना टिकट यात्रा की रोकथाम के लिए टिकट चेकिंग अभियान के साथ यात्रियों को जागरूक करने का प्रयास भी किया जा रहा है। टिकट चेकिंग के लिए विशेष योजना बनाई जाती है। इसके लिए विभिन्न रेलखण्डों में टिकटों की बिक्री, फील्ड स्टॉफ के फीडबैक तथा रेल मदद पोर्टल की समीक्षा कर टिकट चैकिंग की योजना बनाई जाती है। इस से ना सिर्फ रेल राजस्व में वृद्धि हो रही है, बल्कि यात्रियों की शिकायतों में कमी और रेल उपयोगकर्त्ताओं की संतुष्टि में भी वृद्धि हो रही है।

# मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत ओटीएस योजना की अवधि बढ़ी

**कोटा,** (निसं)। कोटा सहकारी भूमि विकास बैंक लि., कोटा के संचालक मंडल की बैठक प्रधान कार्यालय में बैंक अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता (ओटीएस) योजना 2025-26 की अवधि 31 मार्च 2026 तक बढ़ाए जाने के निर्णय का स्वागत किया गया। बैठक में 16 नए कृषको सदस्ता एवं 12 किसानों को 46.40 लाख रूपये का ऋण स्वीकृत किया गया।

बैठक में उप रजिस्ट्रार सहकारिता विभाग राजेश कुमार मीणा, संयुक्त निदेशक कृषि विभाग डॉ.अतिश कुमार शर्मा, बैंक उपाध्यक्ष भंवर सिंह हाड़ा तथा संचालक, निहाल सिंह राठौड़, डॉ. प्राची दीक्षित, राधाकिशन मीणा, मुकेश मीणा, जगदीश प्रसाद मीणा, जगदीश शर्मा, बाबूलाल बैरवा, मांगीलाल मेहरा एवं बैंक सचिव ऋतु सपरा (उप रजिस्ट्रार) उपस्थित रहे। संचालक मंडल ने योजना की अवधि बढ़ाने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक के प्रति आभार व्यक्त किया।

अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बजट वर्ष 2025-26 में घोषित 200 करोड़ रुपये की मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत ओटीएस योजना भूमि विकास बैंकों के अवधिपार ऋणियों को मुख्यधारा में लाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने बताया कि 10 फरवरी 2026 तक बैंक द्वारा योजना के अंतर्गत 371 ऋणियों को 845.26 लाख रुपये की ब्याज राहत प्रदान की जा चुकी है तथा 1250.69 लाख रुपये की वसूली सुनिश्चित की गई है। राठौड़ ने आंशिक राशि जमा कर चुके एवं पूर्णतः पात्र वंचित ऋणी सदस्यों से अपील की कि वे 31 मार्च 2026 से पूर्व मूलधन एवं चालू ब्याज जमा कर योजना का लाभ उठाएं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में योजना के पुनः लागू होने की संभावना नहीं है। अध्यक्ष ने शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र ऋणी योजना से वंचित न रहे और शत-प्रतिशत प्रकरणों में राहत सुनिश्चित की जाए। कमजोर आर्थिक स्थिति वाले ऋणियों को पुनः ऋण देकर मुख्यधारा में जोड़ा जाए। बैंक सचिव ऋतु सपरा ने बताया कि 1 अप्रैल 2025 से 10 फरवरी 2026 तक की प्रगति में शाखा रामगंजमंडी प्रथम तथा शाखा सांगोद द्वितीय स्थान पर रही है। उन्होंने सभी शाखा प्रबंधकों को 31 मार्च 2026 तक शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# रावतभाटा परमाणु बिजली घर में आपदा की मॉकड्रिल हुई

- संभागीय आयुक्त ने अपने कक्ष से की पूरी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग

**कोटा,** (निसं)। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में परमाणु एवं रेडियोलॉजिकल आपातकाल की तैयारियां परखने के लिए चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा स्थित राजस्थान परमाणु बिजली घर के आसपास के विभिन्न गांवों में बुधवार को आपदा प्रबंधन से संबंधित ऑफ साइट इमरजेंसी के तहत इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमाण्ड रेस्पॉन्स एक्सरसाइज (आईसीसीआर) की गई।

इस ऑफ साइट मॉक ड्रिल के माध्यम से जिला प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन से जुड़ी विभिन्न एजेंसियों एवं विभागों की तैयारियों की जांच की गई। मॉक ड्रिल इस प्रक्रिया की मॉनिटरिंग संभागीय आयुक्त एवं रेस्पॉन्सिबल ऑफिसर अनिल कुमार अग्रवाल द्वारा अपने कक्ष से की गई।

राजस्थान एटोमिक पावर प्लांट (आरएपीपी) रावतभाटा के साइंटिफिक ऑफिसर एमएल खींची संभागीय आयुक्त को मॉक ड्रिल के तहत रावतभाटा में प्रोटेक्टिव एक्शन रिकमण्डेशन के विभिन्न चरणों के बारे में नियमित समय अंतराल में जानकारी देते रहे। उन्होंने बताया कि परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आस-पास के क्षेत्र में तीन साल में एक बार इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमाण्ड रेस्पॉन्स एक्सरसाइज (आईसीसीआर) की जाती है। इस बार मॉक ड्रिल के तहत लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने एवं विकिरण के प्रभाव से बचाव के बारे में अभ्यास किया गया।

रावतभाटा में स्थापित आरएपीपी के 22 किलोमीटर को रेडिएशन जोन मानते हुए इस क्षेत्र के दायरे में आने वाले चयनित गांवों में ऑफ साइट इमरजेंसी के तहत यह मॉक ड्रिल की गई। प्रातः 11:03 बजे जैसे ही संभागीय आयुक्त कार्यालय में स्थापित डिस्क्रीक्ट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर पर आरएपीपी आपदा के बारे में सूचना मिली रेस्पॉन्सिबल ऑफिसर यानि संभागीय आयुक्त द्वारा इस संबंध में परमिशन जारी की गई और सूचना आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी अधिकारियों को भेजी गई। सूचना मिलते ही सभी अधिकारी ऑफ साइट इमरजेंसी की तैयारियों में जुट गए। रावतभाटा में सेक्टर जी के मोहना एवं रामपुरिया गांव, सेक्टर एफ के सेमलिया, बमोरीखुर्द, भीमपुरा, धोलाई, एकलिंगपुरा, विजयपुरा, रेनखेड़ा एवं अलसेड़ा गांव तथा सेक्टर ई के तकलाव एवं किशनपुरा गांवों में सबसे पहले पुलिस की गाड़ी द्वारा वॉर्निंग दी गई एवं लोगों को अपने घरों में ही रहने की सलाह दी गई।

विकिरण से प्रभावित लोगों को कच्चे घरों से निकालकर एनडीआरएफ के जवान शेल्टर में ले गए और प्रभावित लोगों पर विकिरण के प्रभाव की जांच करने के बाद उन्हें आयोडिन टेबलेट वितरित की गई। इस बीच ग्राम स्तरीय समितियों द्वारा विभिन्न गांवों में जाकर आपदा की चेतावनी देते हुए लोगों को घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई। रेडियोलॉजिकल विकिरण के प्रभाव से ग्रामीणों को बचाने के लिए डी-कंटेमिनेशन की प्रक्रिया पूरी कर उन्हें शेल्टर हाउस ले जाया गया।

मॉक अभ्यास के दौरान परमाणु बिजली घर से किसी भी तरह के रेडिएशन की घटना होने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। प्रभावित क्षेत्र से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर कैसे पहुंचाया जाए इसका पूर्वाभ्यास करते हुए एनडीआरएफ की टीम ने लोगों को बताया कि नाभिकीय और विकिरण आपातकाल की स्थिति में घर के अंदर रहें, दरवाजे, खिड़कियां बंद रखें, सभी खाद्य पदार्थों और पानी को भी ढककर रखा जाए और खुले में रखी हुई किसी भी खाद्य सामग्री अथवा खुले जल स्रोत के पानी का उपयोग नहीं करें।

टीम ने ग्रामीणों को बताया कि विकिरण फैलने की स्थिति में प्रभावित क्षेत्र के लोग पक्के मकानों में शरण लें। मॉक ड्रिल के दौरान संभागीय आयुक्त कार्यालय में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ममता तिवारी, एडीएम सिटी अनिल कुमार सिंघल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दिलीप सैनी, डीएसपी ग्रामीण अनिल जोशी, जिला रसद अधिकारी प्रथम कार्तिकेय मीणा, द्वितीय कुशाल बिलाला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### अखिल भारतीय विद्यार्थी का काली बाई प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

**कोटा,** (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोटा महानगर द्वारा वीर बाला काली बाई प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय विधार्थी परिषद की महानगर मंत्री दीप्ति मेवाड़ा ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा युवा दिवस पर शहर के विभिन्न संस्थानों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता 200 प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। जिसमे मुख्य अतिथि प्रो.निमित चौधरी कुलगुरु राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, मुख्य वक्ता अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री हर्षित ननोमा रहे। मुख्य अतिथि निमित चौधरी ने कहा की विद्यार्थियो को आगे बढ़ने के लिए मानसिक, शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं प्रसन्न रहना चाहिऐं, विद्यार्थी परिषद ज्ञान शील एकता के मंत्र के साथ विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन के रूप कैम्पस में ऐक्टिविज्म खड़ा करता है जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक है, विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जो विजेता नहीं बन पाये है उनके लिए आगे और बेहतर तैयारी करने का नया अवसर आता रहेगा। कार्यक्रम में अभाविप की प्रांत सह मंत्री चेतना पांचाल, विभाग संयोजक पुलकित गहलोत, प्रांत मीडिया संयोजक निखिल सिंह, फार्मा विजन संयोजक अक्षरा खण्डेलवाल, खेलों भारत सह संयोजक सुमित नागर, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य जयेश शर्मा, दिव्यांशी मुराड़िया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे, कार्यक्रम में कुल 200 प्रतिभागी विजेताओं को सम्मानित किया गया।

### रक्तदान शिविर में 29 यूनिट रक्त का संग्रह

**कोटा,** (निसं)। भारत विकास परिषद, कौशल किशोर अग्रवाल के जन्मदिवस के उपलक्ष में भारत विकास परिषद् महावीर शाखा, कोटा जं. जिला अन्धता निवारण समिति कोटा भारत विकास परिषद् चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कोटा के सौजन्य से 64वां निशुल्क नेत्र जाँच ऑपरेशन रक्तदान शिविर व निशुल्क नेत्र जांच (मोतियाबिंद) एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन ब्रांड गोदाम, धाकड़ (नागर) छात्रावास, माहेश्वरी भवन के पीछे, गायत्री शक्तिपीठ वाली रोड, विज्ञान नगर कोटा पर आयोजित किया गया। सर्व प्रथम दीप प्रज्वलन धाकड़ छात्रावास के अध्यक्ष सुरेश नागर, संयोजक बाबू लाल नागर, महामंत्री दीन दयाल नागर, कौशल अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष राजीव विजयवर्गीय, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. नेहा गर्ग व शाखा संयोजक सेवा राकेश दीक्षित व पीसी मित्तल अध्यक्ष आर्य समाज, कुन्हाड़ी द्वारा किया गया। नेत्र विशेषज्ञ डॉ.नेहा गर्ग द्वारा उपस्थित मरीजों के नेत्रों की जांच की गई जिसमें दीपेश नेत्र सहायक द्वारा सहयोग किया गया। शिविर में कुल 32 व्यक्तियों के नेत्रों की जांच की गई जिनमें से 5 व्यक्तियों की आंखों में मोतियाबिंद व एक अन्य मरीज को चिन्हित कर भारत विकास परिषद चिकित्सालय, दादाबाड़ी में ऑपरेशन हेतु ले जाया गया जिनके ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपण किया गया। शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 29 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

### केडीए द्वारा जनसुनवाई आज

**कोटा,** (निसं)। कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु आज गुरुवार को नियमित जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। यह जनसुनवाई प्राधिकरण के मंथन सभागार में प्रातः 11.00 बजे से आयोजित होगी। प्राधिकरण द्वारा प्रतिमाह दूसरे एवं चौथे गुरुवार को नियमित जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है, जिसके अंतर्गत भूमि आवंटन, नामांतरण, नगरीय कर, भवन निर्माण स्वीकृति, मूलभूत सुविधाओं, अतिक्रमण सहित अन्य समस्याओं को सुना जाता है तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाती है। प्राधिकरण द्वारा समस्त आमजन से अनुरोध किया जाता है कि वे निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपनी समस्याएं प्रस्तुत करें, ताकि उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**छबड़ा** (निसं)। कोटा बीना रेलवे लाइन पर बुधवार को मोतीपुरा रेलवे स्टेशन पर एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई, घटना की सूचना पर पहुंची बापचा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छबड़ा चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवा दिया तथा शव की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए है।

**NAME CHANGE**

I Hemraj Sharma Son Of Shimbhu Dayal Sharma My Army No. 6949710H Rank NK/DVR 18 ROU c/o 56-APO of Village Duhar Chogan Teh. Thanagazi Distt Alwar State Rajasthan. I have Changed my mother name Gandi Devi to Gendi Devi to all future will be known as Gendi Devi.

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम MUSHTAK MOHMMAD BHATY से बदलकर नया नाम MUSHTAQUE MOHMMAD BHATY रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-MUSHTAQUE MOHMMAD BHATY पुत्र मोहम्मद मुस्तफा भाटी 1188 फकीरों का मोहल्ला खानपुरा झालावाड़

**खोया पाया**

मकान न. 3-L-8 महावीर नगर विस्तार के मूल दस्तावेज नियमितीकरण अदेय प्रमाण पत्र, अनुज्ञा पत्र एवं रजिस्ट्री डीड दोनो कहीं गुम हो गए है।

# रेलवे महाप्रबंधक ने कोटा मंडल में निरीक्षण किया

- सुरक्षा एवं संरक्षा पर दिया विशेष जोर
- ट्रैकमैन, यात्रियों व व्यापारियों से संवाद किया

**कोटा,** (निसं)। पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने बुधवार को कोटा मंडल का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधोसंरचना विकास, कार्य गुणवत्ता, यात्री सुविधाओं के साथ-साथ सुरक्षा एवं संरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने नवस्थापित मंडल बहु-विषयक प्रशिक्षण संस्थान (एमडीटीआई) का उद्घाटन किया। यह संस्थान रेल कर्मचारियों के कौशल उन्नयन, परिचालन दक्षता तथा सुरक्षित कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। वर्तमान में परिचालन तथा सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो चुके हैं। साथ ही महाप्रबंधक ने सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित डिजिटल निरीक्षण प्रबंधन मॉड्यूल का भी शुभारंभ किया। यह ई-निरीक्षण प्रणाली निरीक्षण टिप्पणियों के सृजन, अनुपालना की निगरानी तथा समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने में सहायक होगी। इससे जवाबदेही बढ़ेगी तथा सुरक्षा मानकों के पालन में पारदर्शिता और दक्षता आएगी।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने न्यू कोटा रेलवे स्टेशन तथा रामगंजमंडी रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना अंतर्गत प्रगति कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान महाप्रबंधक ने ट्रैकमैन कर्मचारियों से सीधा संवाद किया और उनसे कार्यस्थल पर उपलब्ध सुरक्षा उपकरणों, संरक्षा उपायों एवं कार्य परिस्थितियों की जानकारी ली। उन्होंने ट्रैक रखरखाव में संलग्न कर्मचारियों की भूमिका को रेलवे सुरक्षा की रीढ़ बताते हुए संरक्षा मानकों के साथ ही स्टेशन पर उपस्थित यात्रियों से संवाद कर यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, सुरक्षा एवं संरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में सुझाव लिए। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा, अपर मंडल रेल प्रबंधक ललित कुमार धुरंधर एवं योगेश कुमार मित्तल, मुख्य परियोजना प्रबंधक (जीएसयू) सौरभ मिश्रा सहित अन्य शाखा अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजस्थान में आएगी डिजिटल क्रांति : पंकज मेहता

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान सरकार की वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा पेश किया गया बजट जन-जन की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता पंकज मेहता ने कहा कि यह बजट हर वर्ग को लाभान्वित करेगा। जहां एक और 50,000 बुजुर्गों को अउ ट्रेन से देश के विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा कराई जाएगी वहीं महिलाओं और बच्चों को भी राहत दी जाएगी।

पंकज मेहता ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हाईवेज पर रेस्ट एरिया में एम्बुलेंस तैनात की जाएंगी, कोटा में नवीन टेक्नोहब बनेगा। राजस्थान में अब सभी के लिए फ्री इलाज होगा, जिन मरीजों के पास दस्तावेज नहीं, उन्हें भी फ्री इलाज मिलेगा। महिला मुखिया के खाते में 1200 प्रति माह जमा किए जाएंगे, सड़क दुर्घटना में तुरंत राहत दी जाएगी, ओर संभाग स्तर पर कार्डियक कोर्स, ट्रॉमा सेवाओं के लिए 150 करोड़, मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रोग्राम, सेंटर ऑफ मेंटल हेल्थ सेंटर, जिला मुख्यालयो पर भी केंद्र बनेंगे इन सभी कार्यो से राजस्थान में डिजिटल क्रांति आएगी। राजस्थान सरकार ने आम जनता को बड़ी राहत देते हुए ई-मित्र सेवाओं को सीधे वाट्सअप पर लाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के डिजिटल गवर्नेंस विजन के तहत अब प्रदेशवासियों को सरकारी दफ्तरों में लंबी लाइनों में खड़े होने या पोर्टल पर लॉगिन करने की झंझट से मुक्ति मिलेगी।

वहीं भाजपा नेता गुड्डू मरचुनिया ने राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-2027 के बजट की सराहना करते हुए बजट को आमजन को समर्पित और विकसित राजस्थान की अवधारणा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल के शिक्षा प्रोत्साहन प्रन्यासी अरविन्द सिसोदिया ने इसे लोककल्याणकारी, दूरदर्शी एवं विकसित राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने वाला बजट बताया है।

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- एफ 11/विक्रय/2026/809 दिनांक : 10.02.26

**नाम हस्तातंरण बाबत आम सूचना**

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखण्ड संख्या 222 रंगविहार योजना का आवंटन न्यास के पत्र क्रमांक 477 दिनांक 28.08.1989 द्वारा श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र श्री श्रीनाथ गुप्ता को आंवटित किया गया था। श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता के द्वारा श्री टीकमवन्द वर्मा पुत्र श्री माधोलाल वर्मा को उक्त भूखण्ड कि कार्यवाही के सम्बंध में मुख्तारआम नियुक्त किया गया मुख्तारआम के आधार पर उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये विकृय पत्र दिनाक 26.04.2017 को श्रीमती विमला बाई पत्नि श्री गिरिराज प्रसाद को कर दिया गया क्रेता श्रीमती विमला बाई पत्नि श्री गिरिराज प्रसाद अपने नाम उक्त भूखण्ड का नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन किया गया है।
अतः जरिये आम सूचित किया जाता है यदि इस नाम हस्तांतरण की स्वीकृती देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास/भूखण्ड संख्या 222 रंगविहार योजना का नाम हस्तांतरण श्रीमती विमला बाई पत्नि श्री गिरिराज प्रसाद के नाम कर दिया जावेगा।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक-3077 **जाहिर आम सूचना** दिनांक-27.01.26

आवास संख्या 1-छ-6 विज्ञान नगर, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री सूरज प्रकाश जोली पुत्र श्री अनन्त राम जोली को किया गया था। उक्त आवास का पंजीयन श्री सूरज प्रकाश जोली पुत्र श्री अनन्त राम जोली द्वारा दिनांक 12.03.1992 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री सूरज प्रकाश जोली पुत्र श्री अनन्त राम जोली द्वारा उक्त आवास से सम्बन्धित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 23.07.2019 को मुख्तारनामा आम आलेखित कर श्री तन्मय शर्मा पुत्र श्री बृजमोहन शर्मा को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया गया। श्री तन्मय शर्मा पुत्र श्री बृजमोहन शर्मा मुख्तार आम श्री सूरज प्रकाश जोली पुत्र श्री अनन्त राम जोली द्वारा मुख्तार आम की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 17.10.2023 को श्री तन्मय शर्मा व श्री चिन्मय शर्मा पिसरान श्री बृजमोहन शर्मा को संयुक्त रूप से किया गया। श्री तन्मय शर्मा व श्री चिन्मय शर्मा पिसरान् श्री बृजमोहन शर्मा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-छ-6 विज्ञान नगर कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख में संयुक्त रूप से दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।
अत उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री तन्मय शर्मा व श्री चिन्मय शर्मा पिसरान् श्री बृजमोहन शर्मा का नाम संयुक्त रूप से दर्ज करने में किसी भी पक्षकार / व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री तन्मय शर्मा व श्री चिन्मय शर्मा पिसरान् श्री बृजमोहन शर्मा का नाम संयुक्त रूप से दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री तन्मय शर्मा व श्री चिन्मय शर्मा पिसरान् श्री बृजमोहन शर्मा के नाम संयुक्त रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।

**उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल मांगरोल जिला-बारां (राज0)**

E-mail – npmangrol05@gmail.com PH. No. – 07457-223203

क्रमांकः-न.पा.मां./भूमि/2026/4209 दिनांकः 05.02.2026

**लोक सूचना**

**राजकिय होम्योपैथिक ब्लॉक औशधालय मांगरोल** जिला-बारां (राज.) के नाम नगर पालिका द्वारा भू आंवटन नीति 2025 के अनुसार भूमि आंवटन किया जाना है।

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला-बारां तहसील-मांगरोल | राजस्व ग्राम मांगरोल | 1541 रकबा 0.17 हैक्ट0 | 210 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त व्यक्तियों को सूचित किया जाता हैं कि यदि किसी व्यक्ति को भू आंवटन नीति 2025 के अनुसार भूमि आंवटन की अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप हैं तों वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समक्षा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं हैं और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 05.02.2026 को जारी की गयी।

राज.संवाद/सी/25/19565 **अधिशाषी अधिकारी**

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा सूचना ▪ सं. ईएल/50/एनआईटी/76 (2025-26), दि. 05.02.2026**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से **वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेल, कोटा,** निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्याः** ईएल/50/298/2025-26. **कार्य का नामः कोटा विभागः- डीए सेट रुम और पैनल रुम में सीसीटीवी कैमरे और कोटा बेस पावर कारों में सिम कार्ड के साथ रिमोट मोनिटरिंग डिवाइस की व्यवस्था। अनुमानित लागतः** ₹ 5,36,005.12. **बयाना राशिः** ₹ 10,700/-. **कार्य समाप्ति अवधिः** 36 माह। **निविदा संख्याः** ईएल/50/299/2025-26. **कार्य का नामः कोटा डिवीजनः ट्रैक मशीन साइडिंग का सुविधाओं सहित प्रावधान (11 स्टेशन - JHW, RDT, ALNI, LKE, URML, SNAR, THEA, MLGH, PSLI, MXL, FSP), KOTA-COR सेक्शन - बूंदी और मांडलगढ़ स्टेशन पर टीटीएम साइडिंग का सुधार और टीटीएम विश्राम गृह का उन्नयन/नवीनीकरण, शामगढ़ स्टेशन पर प्रतिस्थापन आधार पर सीएमआई, टीआई, एआरएमई और यूएसएफडी आदि के लिए नए कार्यालय भवन का प्रावधान और शामगढ़ और विक्रमगढ़ आलोट स्टेशन पर प्रतिस्थापन आधार पर नए ट्रेड यूनियन कार्यालय का प्रावधान और चौमहला, विक्रमगढ़ आलोट में अधीनस्थ विश्राम गृह शामगढ़ और टीटीएम विश्राम गृह का प्रावधान और एडीईएन/शामगढ़ के अधीन महिदपुर में एसआरएच/टीटीएम विश्राम गृह का सुधार/मरम्मत। अनुमानित लागतः** ₹ 1,12,46,340.61. **बयाना राशिः** ₹ 2,06,200/-. **कार्य समाप्ति अवधिः** 06 माह।
**उपरोक्त दोनों निविदाओं के लिएः-** निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समयः 03.03.2026 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे। ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदादाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुएली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्ते अवश्य पढ लें।

**स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर**

# आयुक्त ने रात को सफाई व्यवस्था जांची

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम के आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने मंगलवार रात नयापुरा और बारां रोड पर सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कचरा जलाने पर एक किराना व्यापार पर 5 हजार का जुर्माना किया वहीं सड़क पर कचरा फेलाने पर दो चाय विक्रेताओं पर भी एक-एक हजार का जुर्माना किया। आयुक्त मेहरा मंगलवार रात करीब 9 बजे अदालत चौराहे से अंटाघर चौराहा होते हुए बोरखेड़ा पहुंचे। यहां सड़क किनारे बड़ी मात्रा में झाड़ियां उगी हुई थीं। आयुक्त ने शहरी नरेगा श्रमिकों के माध्यम से यह झाड़ियां कटवाने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क पर मलबे को नान्ता में निर्माणाधीन सी एण्ड डी वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट परिसर में चिन्हित स्थान पर पहुंचाने के निर्देश दिए। इसके बाद वे नयानोहरा क्षेत्र पहुंचे जहां उन्हें एक किराना व्यापार सड़क पर कचरा जलाता नजर आया। आयुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए सफाई निरीक्षक को पांच हजार पए जुर्माना करने के निर्देश दिए। साथ सफाई निरीक्षक को पाबंद किया कि कचरा जलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। यदि भविष्य में कोई कचरा जलाता हुए पाया जाता है तो स्वास्थ्य निरीक्षक पर भी कार्यवाही की जाएगी। इसके बाद वे अंटाघर चौराहे होते हुए नयापुरा चौराहे पहुंचे। वहां दो चाय विक्रेताओं के ठेले के सामने सड़क पर बड़ी मात्रा में उपयोग किए गए डिस्पोजेबल कप पड़े थे। आयुक्त ने दोनों दुकानदारों को पाबंद किया कि वे ग्राहकों से कप को डस्टबिन में ही फिकवाएं।

# बजट से जनता निराश, सिर्फ नाम बदलने और घोषणाओं का खेल : शांति धारीवाल

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान सरकार के पेश किए गए बजट को पूर्व मंत्री एवं कोटा उत्तर से कांग्रेस विधायक शांति धारीवाल ने "हवा हवाई और कागजी बजट" करार दिया है। धारीवाल ने कहा कि यह बजट प्रदेश की जनता को निराश करने वाला है, जिसमें कोई ठोस विजन या नई दिशा नजर नहीं आती।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के सिर्फ नाम बदलकर उन्हें दोबारा पेश कर दिया गया, लेकिन जमीनी स्तर पर नई योजनाओं या ठोस प्रावधानों का अभाव है। धारीवाल ने खास तौर पर कोटा की अनदेखी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कोटा से दो मंत्री होने और डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद शहर के लिए कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई, जो बेहद दुखद है।

कोटा में पर्यटन विकास को लेकर बजट में कोई स्पष्ट रोडमैप नहीं है। चंबल रिवर फ्रंट के दूसरे फेज का जिक्र तक नहीं किया गया, जबकि इसे विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले बजट की कई घोषणाएं अब तक अधूरी हैं, ऐसे में नया बजट पेश करना केवल कागजी औपचारिकता है।

युवाओं के रोजगार, महंगाई राहत, शिक्षा और स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर भी बजट में कोई प्रावधान नही हैं। धारीवाल ने कहा कि प्रदेश की जनता अब कांग्रेस सरकार के समय के जनहितकारी और दूरदर्शी बजट को याद कर रही है।

वहीं कोटा उत्तर पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल ने कहा कि बजट से राजस्थान की जनता को निराशा के अलावा कुछ नहीं मिला। गुंजल ने कहा कि सरकार अपने तीसरे बजट में भी पूर्व के बजट व चुनाव में जनता से किए गए वादों को पूरा नहीं कर पाई। गुंजल ने कहा कि दूसरे पूर्ण बजट में युवाओं के लिए सवा लाख भर्ती उपलब्ध कराने की बात करने वाली सरकार अब शिक्षित बेरोजगारों के साथ धोखा कर काम चलाऊ भर्ती का जुगाड़ कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार केंद्रीय बजट काल्पनिक था उसी प्रकार राज्य का बजट भी काल्पनिक है।

उन्होंने कहा कि सरकार लाखों युवाओं को रोजगार देने की बात कर रही हैं स्टार्टअप को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाली सरकार बताए कि युवाओं के स्टार्टअप से लेकर, उद्योगों के लिए सरल ऋण उपलब्ध करवाने से लेकर क्या किया। गुंजल ने कहा सरकार ने सवा दो साल मे किन किन विभागों में कितने कितने युवाओं व शिक्षित बेरोजगारों को नौकरियां उपलब्ध करवाई।

सरकार की काल्पनिक घोषणाओं को प्रदेश की जनता जान चुकी हैं। उन्होंने कहा कि बजट में कुछ नया नहीं है। किसानों से किया एमएसपी का वादा आज भी पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि बजट पूरी तरह से जन विरोधी हैं।



# दौसा में बारात से लौट रहे छह युवकों की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत

## सभी युवक एक ही गांव के थे तथा शादी-समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे



दुर्घटना से 30 मीनट पूर्व युवकों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई फोटो।



हादसे के बाद घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया।

- **हादसा जयपुर-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर दौसा उपखण्ड में स्थित ग्राम कैलाई के पास मंगलवार देर रात करीब बारह बजे हुआ, जब तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर गई और दूसरी ओर से आ रहे ट्रेलर से जा टकराई**
- **प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग बुरी तरह फंस गए**

**दौसा,** (निसं)। जयपुर-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर दौसा उपखण्ड में स्थित ग्राम कैलाई के पास देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में चार युवकों की मौके पर तथा दो की उपचार के दौरान मौत हो गई। सभी युवक एक ही गांव के हैं तथा शादी-समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। इस भीषण हादसे के बाद ग्राम कालाखो में हाहाकार मच गया तथा खुशियां मातम में बदल गई। हादसा मंगलवार देर रात करीब बारह बजे हुआ, जब तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर गई और दूसरी ओर से आ रहे ट्रेलर से जा टकराई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की रफ्तार काफी तेज थी। अचानक नियंत्रण बिगड़ने से वाहन सीधे डिवाइडर लांघते हुए विपरीत दिशा में पहुंच गया। उसी दौरान सामने से आ रहे ट्रेलर से उसकी आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग बुरी तरह फंस गए। इधर हादसे की सूचना मिलते ही सिकंदरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक युवक की हालत गंभीर होने पर उपचार के लिए जयपुर रैफर कर दिया, जहाँ उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर सिकंदरा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंपे दिए। वहीं दूसरी ओर हादसे के बाद कुछ समय तक हाइवे पर यातायात बाधित रहा। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और वाहन चालक का नियंत्रण खोना हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और ट्रेलर चालक से भी पूछताछ की जा रही है। इस दर्दनाक हादसे ने क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है।

**शादी से लौट रहे थे :** हादसे में समय सिंह पुत्र रामसिंह योगी, लोकेश पुत्र गोवर्धन योगी, दिलखुश पुत्र बनवारी योगी, मनीष पुत्र हरिमोहन योगी, अंकित पुत्र लालराम बैरवा तथा नवीन योगी की मौत हो गई ये सभी कालाखो के रहने वाले थे, रात्रि को एक शादी समारोह में शामिल होकर पुनः घर लौट रहे थे। लौटने से पूर्व सभी युवकों ने एक साथ फोटो खिंचवाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी, इधर इस घटना के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

## कुएं में डूबने से युवक की मौत

**उदयपुर,**(कासं)। जिले के घासा थाना क्षेत्र में स्थित कुएं में डूबने से युवक की मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को घासा थाना क्षेत्र में स्थित कुएं में युवक का शव होने की सूचना मिलने पर घासा थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह, एएसआई प्रेमशंकर ने मौके पर पहुंच कर मृतक को कुएं से बाहर निकाल उसकी शिनाख्त झालों का ढाणा नूरड़ा निवासी बक्शुराम उर्फ बक्शीराम रेबारी (50) पुत्र अर्जुनजी रेबारी के रूप में शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। एएसआई प्रेमशंकर ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। बक्शीराम मानसिक रोगी होकर महिला के कपड़े पहनकर इधर-उधर घूमता रहता था। शव करीब चार दिन पुराना बताया जाता है। कुएं में बदबू आने पर लोगों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उसे बाहर निकाल खेमली चिकित्सायल मोर्चरी में रखवाया था।

## युवक ने घर में आत्महत्या की

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के सूरसागर स्थित नारवा पुल के पास रहने वाले एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। उसके आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया। इस बारे में मृतक के भाई की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई।

सूरसागर पुलिस ने बताया कि मूलतः उटाम्बर हाल नारवा पुल के पास संत लक्ष्मीदास नगर सूरसागर निवासी प्रेम पुत्र देवाराम सुथार ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि रात्रि के समय उसके भाई राहुलराम ने घर में फंदा लगा लिया। पता लगने पर उसे फंदे से उतार कर अस्पताल लाया गया, मगर डॉक्टर ने उसे चैक कर मृत बता दिया। पुलिस ने कार्रवाई कर शव परिजन को सौंपा।

# पुलिस वैन से टकराई कार, महिला थाना प्रभारी की मौत

- **एक पुलिसकर्मी सहित दो गंभीर घायल, पेट्रोलिंग कर रही थी पुलिस टीम**
- **हादसे में हरियाणा नंबर की कार के चालक को भी चोटें आई हैं। ड्राइवर बीकानेर के खाजूवाला क्षेत्र का बताया जा रहा है**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। यहां एक तेज रफ्तार कार ने पुलिस पेट्रोलिंग वैन को टक्कर मार दी। हादसे में महिला पुलिस ऑफिसर की मौत हो गई। हादसे में एक पुलिसकर्मी सहित दो लोग गंभीर घायल हुए हैं। हादसा श्रीगंगानगर शहर में पायल थियेटर रोड स्थित चौराहे पर बुधवार सुबह चार बजे हुआ। श्रीगंगानगर शहर में पायल थियेटर रोड स्थित चौराहे पर बुधवार सुबह करीब चार बजे पुलिस की गाड़ी से कार की टक्कर हो गई।

जानकारी के अनुसार एसएचओ ज्योति नायक किसान चौक से पेट्रोलिंग करते हुए रमेश चौक के पॉइंट की ओर जा रही थी, तभी यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पुलिस वैन पलट गई। ड्राइवर के साइड वाली सीट पर बैठी एसएचओ ज्योति का सिर बुरी तरह से दब गया। इसी कारण उन्होंने मौके पर दम तोड़ दिया। वहीं, टक्कर मारने वाली कार कुछ मीटर आगे टकराकर रुक गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पुलिस वैन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। शहर कोतवाल पृथ्वीपाल सिंह ने बताया हादसे में हरियाणा नंबर की कार के चालक को भी चोटें आई हैं। ड्राइवर बीकानेर के खाजूवाला क्षेत्र का बताया जा रहा है। एक्सीडेंट में एक अन्य पुलिसकर्मी और कार चालक भी गंभीर घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही एसपी अमृता दुहन सहित पुलिस के अधिकारी घटनास्थल और अस्पताल पहुंचे।


**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd., JAIPUR.**

No. NIT/2025-26/34700-14 **निविदा सूचना/2025-26** Date: 11.02.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है

| कार्य का विवरण | कार्य की कुल अनुमानित लागत (रु.) | निविदा सूचना संख्या |
|---|---|---|
| SITC of HVAC work at Admin. Block Marwar Medical University of Borawas, Jodhpur.UBN: RRC2526WSOB01197 | 366.00 Lakh | ई-690/25-26 |
| Additional work Required at Medical College, Karauli. UBN: RRC2526WSOB01201 | 365.33 Lakh | अल्पकालीन ई-691/25-26 |
| Construction of Outer Facade work at Sambhagiya Kar Bhawan at Jaipur. UBN: RRC2526WLOB01203 | 1245.14 Lakh | ई-694/25-26 |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट: http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड नोखा**

क्रमांक-3374-81 दिनांक 03.02.2026

**Notice Inviting Bid- 12/2025-2026**

Bids for Repair work and Strengthening and Renewal Work are invited from interestedd bidders upto 06.02.2026 [09.30AM] to 16.02.2026 [06 PM], other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://www.pwd.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in of the state and departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 223.99 Lakh.

**NIB CODE NO. PWD2526A5491, UBN-PWD2526WSOB22377, UBN-PWD2526WSOB22378. UBN-PWD2526WSOB22379. UBN-PWD2526WSOB22380**

Executive Engineer PWD Dn. Nokha

DIPR/C/2664/2026


# जोधपुर में चार हजार रुपए की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

- **परिवादी की दादी के नाम से जमीन के खाते में करेक्शन करने के बदले पांच हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी**

**जोधपुर,** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जोधपुर ग्रामीण टीम ने एक पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी ने जोधपुर जिले के पटवार हल्का खारिया मीठापुर, तहसील बिलाड़ा के पटवारी रोहित कुमार को 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा है।

शिकायतकर्ता ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जोधपुर ग्रामीण इकाई को बताया था कि आरोपी पटवारी रोहित कुमार उसकी दादी के नाम से जमीन के खाते में करेक्शन करने के बदले पांच हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। जांच के दौरान यह वेरिफाई हुआ कि आरोपी ने पहले पांच हजार रुपए की डिमांड की, लेकिन शिकायतकर्ता की गुहार पर 4 हजार रुपए पर सहमत हो गया। एसीबी के डीआईजी भुवन भूषण यादव और एसीबी एएसपी जोधपुर ग्रामीण पारस सोनी के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए रोहित कुमार को रिश्वत लेते मौके पर ही दबोच लिया। एसीबी महानिरीक्षक राजेश सिंह के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ व कार्रवाई जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## भरतपुर में लैब टेक्नीशियन ने 25 हजार की रिश्वत ली

**भरतपुर/जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने भरतपुर के राजकीय जनाना चिकित्सालय स्थित ब्लड स्टोरेज यूनिट (बीएसयू) में कार्यरत लैब टेक्नीशियन (प्लेसमेंट कार्मिक) राम कुंवार को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि करौली चौकी को शिकायत मिली थी कि आरोपी परिवादी को जनाना चिकित्सालय भरतपुर में संविदा पर ट्रॉली पूलर वार्ड बॉय के पद पर नियुक्ति दिलाने के नाम पर 30 हजार रुपए की रिश्वत मांग कर परेशान कर रहा है। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने कार्रवाई की योजना बनाई। उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ. रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में पुलिस निरीक्षक जगदीश भारद्वाज के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। आरोपी ने परिवादी को जनाना चिकित्सालय में बुलाकर 25 हजार रुपए रिश्वत के रूप में प्राप्त किए। इसी दौरान टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी महानिरीक्षक पुलिस राजेश सिंह के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ की जा रही है। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

# पुलिस ने नाबालिग का बाल विवाह रुकवाया

- **परिवार बारात का इंतजार कर रहा था और मौके पर पुलिस पहुंच गई**

**सीकर,** (निसं)। बाल संरक्षण इकाई की संरक्षण डॉ. गार्गी शर्मा ने बताया कि पुलिस थाना क्षेत्र सदर सीकर में रात ग्राम जगमालपुरा में बाल अधिकारिता विभाग सीकर व गायत्री सेवा संस्थान एवं चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग बच्ची का बाल विवाह रुकवाया।

गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बारात के स्वागत की तैयारियों के बीच पुलिस टीम अचानक मौके पर पहुंच गई। परिवार बारात का इंतजार कर रहा था, लेकिन इससे पहले कि विवाह की रस्में शुरू होतीं, प्रशासन ने हस्तक्षेप कर नाबालिग की शादी रुकवा दी। जिला प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि विवाह में शामिल दुल्हन की उम्र 18 वर्ष से कम है। सूचना के आधार पर पुलिस एवं टीम ने मौके पर पहुंचकर दस्तावेजों की जांच की। जांच में सामने आया कि नाबालिक बच्ची की उम्र 15 वर्ष है उम्र कम पाए जाने पर विवाह को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया। अधिकारियों ने परिजनों को समझाइश की। पुलिस ने परिवार को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी और नाबालिग को शिक्षा जारी रखने की सलाह दी। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिलने पर तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें, ताकि बच्चों के अधिकारों की रक्षा की जा सके।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, बीकानेर**

स्वास्थ्य भवन, त्यागी वाटिका, जेल वैल, बीकानेर

फोन-0151-2201142 email:eemhbikaner@ymail.com

क्रमांक-EE/M&H/BKN/2025-26/3309 दिनांक-29.01.2026

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या-60/2025-26**

निम्नहस्ताक्षरकर्ता द्वारा राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला बीकानेर में कुल रू. 228.49 लाख के 02 कार्य उप जिला अस्पताल पर विद्युत कायर्यो हेतु निविदा में बताये अनुसार श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष उपर्युक्त विद्युत श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे/एमईएस इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त विद्युत श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेबसाईट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

**UBN NO. 1. NRH2526WSOB02297**
**2. NRH2526WSOB02298**

(शिम्भू राम जाटव) अधिशाषी अभियन्ता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, बीकानेर

DIPR/C/2352/2026



राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, बीकानेर**

स्वास्थ्य भवन, त्यागी वाटिका, जेल वैल, बीकानेर

फोन-0151-2201142 email:eemhbikaner@mail.com

क्रमांक-EE/M&H/BKN/2025-26/3310 दिनांक-29.01.2026

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या-61/2025-26**

निम्नहस्ताक्षरकर्ता द्वारा राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला बीकानेर में कुल रू. 144.65 लाख के 02 कार्य उप जिला अस्पताल पर विद्युत कार्यो हेतु निविदा में बताये अनुसार श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष उपर्युक्त विद्युत श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे/एमईएस इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त विद्युत श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेबसाईट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

**UBN NO. 1. NRH2526WSOB02299**
**2. NRH2526WSOB02301**

(शिम्भू राम जाटव) अधिशाषी अभियन्ता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, बीकानेर

DIPR/C/2351/2026


# जाली नोट छापने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

## नकली नोट छापने में इस्तेमाल प्रिंटर, स्याही, पेपरशीट जब्त

**राजसमंद,** (निसं)। केलवा थाना क्षेत्र में जाली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में नकली नोट और उपकरण जब्त किए हैं।

केलवा थाना अधिकारी सुबोध जांगिड़ ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत केलवा थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि जैतपुरा गांव में एक मकान में नकली नोट छापे जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और दो युवकों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आमेट थाना क्षेत्र के आगल गांव निवासी नारायण लाल पुत्र मोहन लाल गुर्जर और कमलेश गुर्जर पुत्र मोहन लाल गुर्जर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 500 रुपये के 15 नोट, 200 रुपये के 362 नोट और 50 रुपये के 4 नोट बरामद किए, जिनकी कुल कीमत 80 हजार 100 रुपये है। इन सभी नोटों पर एक ही सीरियल नंबर अंकित मिला। मौके से जाली नोट छापने में इस्तेमाल प्रिंटर, स्याही के कंटेनर, पेपरशीट, कट्टर और अन्य उपकरण भी जब्त किए गए हैं। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच की जा रही है।

## पिस्टल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। कैथून पुलिस टीम ने इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध देशी पिस्टल सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई के लिये कोटा ग्रामीण पुलिस द्वारा ऑपरेशन क्रिमिनल डस्टिंग अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि उसी अभियान के तहत कैथून थानाधिकारी मनोज सिकरवार ने मय जाप्ता इलाके में कार्रवाई करते हुए एक जने से अवैध हथियार देशी पिस्टल बरामद की। पुलिस टीम ने मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्रवाई करते हुए कैथून निवासी मोहम्मद शहिद उर्फ कालिया (34) को गिरफ्तार किया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी ने पूछताछ में सकिल मेवाती से अवैध हथियार लाना बताया है, पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

# स्मैक तस्कर को तीन साल का कठोर कारावास

**जोधपुर,** (कासं)। एनडीपीएस न्यायालय जोधपुर के विशिष्ट न्यायाधीश मधुसूदन मिश्रा ने 16 साल पुराने अवैध मादक पदार्थ स्मैक के मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी को 3 वर्ष का कठोर कारावास और बीस हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

सरकार की ओर से पैरवी के लिए नियुक्त गोविन्द जोशी विशिष्ट लोक अभियोजक एनडीपीएस जोधपुर ने बताया कि 24 जून 2011 को पुलिस थाना पीपाड़ शहर के तत्कालीन थानाधिकारी इंद्रसिंह ने पीपाड़ से देवाताड़ा जाने वाली रोड से एक मोटरसाइकिल के पीछे बैठे बंशीलाल पुत्र पोकरराम विश्नोई निवासी कांकेलाव की ढाणी डांगियावास जोधपुर से 27 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया तथा बाद अनुसंधान आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। गोविन्द जोशी विशिष्ट लोक अभियोजक एनडीपीएस जोधपुर ने न्यायालय से वर्तमान में अवैध मादक पदार्थों के मामलों में उत्तरोत्तर वृद्धि होने, अवैध मादक पदार्थों के अपराध गंभीर किस्म की प्रकृति के अपराध होने और उसका समाज में प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की वजह से आरोपी को कठोरतम सजा देने की मांग की जबकि आरोपी ने नरमी बरतने का आग्रह किया।

विशिष्ट न्यायालय एनडीपीएस जोधपुर के विशिष्ट न्यायाधीश मधुसूदन मिश्रा ने शुक्रवार को अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत कुल 15 गवाह, 26 दस्तावेजी साक्ष्य और 1 आर्टिकल के आधार पर अभियुक्त बंशीलाल पुत्र पोकर राम विश्नोई निवासी कांकेलाव की ढाणी डांगियावास, जोधपुर को अवैध मादक पदार्थ स्मैक रखने के आरोप में दोषी ठहराते हुए 03 वर्ष का कठोर कारावास व बीस हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई।

## दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

**कोटा,** (निसं)। नाबालिग से दुष्कर्म के करीब दो साल से अधिक पुराने मामले में पॉक्सो क्रम-4 न्यायालय ने पकड़े गये आरोपी को दोषी मानते हुए 20 साल की सजा सुनाई, साथ ही 40 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। विशिष्ट लोक अभियोजक वंदना नागर ने बताया कि 27 दिसम्बर 2023 को पीड़िता के पिता ने कोटा ग्रामीण के एक थाने में शिकायत दी। शिकायत मे कहा कि उसकी 12 वर्षीय नाबालिग बेटी 24 दिसम्बर 2023 की रात्रि को बिना बताये कहीं चली गई। जब उसने देखा तो बाहर से कुंडी लगी हुई थी, कमरे में बेटी नहीं थी। शिकायत में एक युवक पर भगा ले जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने पिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया। पुलिस ने मामले में अनुसंधान करते हुए नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार किया था।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता जन स्वा.अभि.विभाग, वृत चित्तौड़गढ़**

शास्त्रीनगर, चित्तौडगढ-312001

फोन नं. 01472-240916 E-mail: secircle.chi.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक- एसई/वृचि/निविदा/2025-26/4358-65 दिनांक-30.01.2026

**निविदा सूचना संख्या 39 से 43 वर्ष 2025-2026**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निविदा सूचना संख्या 39 से 43 में वर्णित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा डाउनलोड/अपलोड, तकनिकी बिड, निविदा खोलने की तिथी, निविदा शुल्क/धरोहर राशि एवं निविदा प्रक्रिया शुल्क जमा कराने की तिथियॉ एवं निविदा की शर्तें इत्यादि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता हैं तथा वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov. पर निविदा प्रपत्र निर्धारित अवधि में डाउनलोड/अपलोड किए जा सकते है। इच्छुक संवेदक द्वारा सभी विवरण यू.बी.ए. नं. के माध्यम से किए जा सकते है। इच्छुक संवेदक द्वारा सभी विवरण यू.बी.एन. नं. के माध्यम से www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखे जा सकते है।

**PHE2526WSOB12519, PHE2526WSOB12520, PHE2526WSOB12521, PHE2526WSOB12522, PHE2526WSOB12523**

(सुनीत कुमार गुप्ता) अधीक्षण अभियन्ता जन स्वा. अभि. विभाग, वृत्त चित्तौडगढ

DIPR/C/2329/2026



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सांचौर**

क्रमांक-अअ/सांचौर/2025-26/4255 दिनांक-03.02.2026

**निविदा सूचना संख्या 17 वर्ष 2025-2026**

**NIB NO. PWD2526A5480**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सडक कार्य के आधार पर उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में कार्य जिनकी लागत राशि रू. 60.00 लाख है के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | 4 फरवरी 2026 9.30 बजे से 16 फरवरी 2026 सायं 06.00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। कार्यवार यू बी एन संख्या निम्नानुसार है।

**PWD2526WSOB22340**

(प्रदीप पंवार) अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड सांचौर

DIPR/C/2620/2026


# पक्षियों का शिकार करने से मना करने पर किसान पर हमला किया

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। वजीरपुर थाना क्षेत्र में शिकार रोकने पर एक किसान पर हमला किया गया। घायल किसान को गवर्नमेंट अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित ने पुलिस को रिपोर्ट दी है।

फुलवाड़ा पेपट निवासी बृजमोहन मीना ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि 10 फरवरी की सुबह करीब 9.30 बजे वह अपनी पत्नी गुड्डी देवी के साथ गांव स्थित बोरिंग पर सरसों की फसल काटने गए थे। इसी दौरान उन्होंने पूरण वागरिया के बेटे और उसके 2 साथियों को मोर और कबूतर का शिकार करते देखा। बृजमोहन ने जब उन्हें शिकार करने से रोका, तो तीनों ने उनके साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। रिपोर्ट के अनुसार विवाद बढ़ने पर एक युवक ने गिलोल से बृजमोहन की बाईं आंख पर वार किया। आरोपियों के पास टोपी वाली बंदूक, गिलोल और डंडा जैसे हथियार थे। आरोप है कि पहले डंडे से मारपीट की गई, फिर पूरण वागरिया के बेटे ने कुछ दूरी से टोपी वाली बंदूक से फायर किया। गोली बृजमोहन के कान के ऊपर से निकल गई, जिससे वह बाल-बाल बच गए। हालांकि, छर्रे लगने से उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। फायर की आवाज सुनकर मौके पर पहुंची पत्नी गुड्डी देवी ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उनके साथ भी डंडों से मारपीट की।



घायल किसान को अस्पताल में भर्ती कराया।

शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों की मदद से घायल को पहले खंडीप अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे गंगापुर सिटी अस्पताल रेफर कर दिया गया। बृजमोहन का इलाज गंगापुर गवर्नमेंट अस्पताल में जारी है। पीड़ित ने बताया कि वह आरोपियों को नाम से नहीं जानता, लेकिन सामने आने पर पहचान कर सकता है। थाना अधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा अभी इस मामले में कोई शिकायत नहीं दी गई है।

## हमले में घायल पिता की मौत, बेटे ने की थी मारपीट

**कोटा,** (निसं)। जिला बूंदी के केश्वरायपाटन थाना इलाके में घरेलू विवाद के चलते बेटे ने पिता के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। हमले में घायल वृद्ध की एमबीएस अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

केश्वरायपाटन थाने के एएसआई हरिशंकर शर्मा ने बताया कि थाना इलाके के सोडेला गांव निवासी रामरतन के तीन बेटे हैं, जिसमें बड़ा और छोटा बेटा गांव से बाहर रहते हैं और एक बेटा लेखराज रामरतन के साथ रहता है। एएसआई ने बताया कि मंगलवार रात्रि को रामरतन और लेखराज के बीच घरेलू विवाद को लेकर झगड़ा हो गया और उसी झगड़े के चलते लेखराज ने लकड़ी से पिता के साथ मारपीट कर दी। हमले में घायल रामरतन को उपचार के लिये केश्वरायपाटन के चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां हालत में सुधार नहीं होती देख उसे कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। एएसआई ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। एएसआई ने बताया कि आरोपी लेखराज के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

**गांजे सहित एक गिरफ्तार :** उदयपुर के बैकरिया थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध गांजे से भरी कार जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर अवैध गांजा जब्त किया। बैकरिया थानाधिकारी उत्तमसिंह मय टीम खजूर घाटी कालीबोर कोटड़ा रोड़ पर कार को रोक चालक प्रकाश पुत्र नीलकंठ पुरोहित निवासी अनोपपुरा नउवा चन्देसरा डबोक को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 3 किलो 140 ग्राम अवैध गांजाा जब्त किया।


राजस्थान-सरकार

**कार्यालय आबकारी आयुक्त, राजस्थान**

आबकारी भवन-2 गुमानियावाला, पंचवटी, उदयपुर-313001

क्रमांक-F.32(B)(After Policy 2026-27)/ex/I/2026-06481-9018219/693

दिनांक-11.02.2026

**कम्पोजिट रिटेल ऑफ मदिरा दुकानों के वर्ष 2025-26 के अनुज्ञाधारियों को वर्ष 2026-27 के लिये अनुज्ञा पत्र नवीनीकरण के लिये आवेदन (विकल्प प्रस्तुत करने की नियत तिथि को बढाई जाने की सूचना**

इस कार्यालय की समसंख्यक विज्ञप्ति क्रमांक 665 दिनांक 28.01.2026 के सन्दर्भ में राज्य के कम्पोजिट रिटेल ऑफ मदिरा दुकानों के वर्ष 2025-26 के समस्त अनुज्ञाधारियों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 के समस्त अनुज्ञाधारियों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 के लिए अनुज्ञापत्रों के नवीनीकरण के लिए पात्र एवं इच्छुक अनुज्ञाधारी अपना नवीनीकरण आवेदन (विकल्प) पत्र मय निर्धारित आवेदन शुल्क के साथ दिनांक 18.02.2026 तक संबंधित जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत किये जा सकेंगे। दिनांक 16.02.2026 तक नवीनीकरण आवेदन (विकल्प) प्राप्त नहीं होने पर अनुज्ञाधारी का नवीनीकरण करवाने का विकल्प समाप्त हो जावेगा।तथा दुकान/समूह (Cluster) का आवंटन ई-नीलामी/ई-निविदा द्वारा किया जाएगा।
वर्ष 2026-27 हेतु अनुज्ञापत्र नवीनीकरण से संबंधित समस्त जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट https://iems.rajasthan.gov.in का अवलोकन करें।
अन्य सभी शर्ते पूर्वानुसार यथावत रहेगी।

DIPR/C/____/2026 आबकारी आयुक्त, राजस्थान

# वर्ष 23-24 के मुकाबले इस वर्ष बजट का आकार 40 प्रतिशत बढ़ा- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने कहा कि 24-25 की 93 प्रतिशत तथा 25-26 की 86 प्रतिशत बजट घोषणाओं की क्रियान्विति हो गई

जयपुर, 11 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बजट 2026-27 तेज आर्थिक विकास, लोगों की आशाओं-आकांक्षाओं पर खरा उतरने, और सबका साथ, सबका विकास के तीन कर्तव्यों को सर्वोपरि रखते हुए बनाया गया है।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इस वर्ष के बजट में वित्त वर्ष 23-24 की तुलना में इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट के लिए दोगुनी, चिकित्सा-स्वास्थ्य के लिए 53 प्रतिशत अधिक तथा ग्रीन बजट पर 20.81 प्रतिशत अधिक राशि का प्रावधान किया गया है।**




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को विधानसभा में राज्य बजट 2026-27 प्रस्तुत किए जाने के बाद पत्रकारों से वार्ता की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉ. प्रेमचन्द बैरवा मौजूद थे।*

बुधवार को विधानसभा में उपमुख्यमंत्री (वित्त) दिया कुमारी द्वारा राज्य बजट 2026-27 प्रस्तुत किए जाने के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकार वार्ता में कहा कि बजट में आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण सहित, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा जैसे बुनियादी क्षेत्रों में सुविधाओं और सेवाओं के लिए प्रावधान किए गए हैं, जिससे राजस्थान विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनेगा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2026-27 के बजट का आकार 6 लाख 10 हजार 956 करोड़ रुपये है, जो वर्ष 2023-24 के बजट की तुलना में 41 प्रतिशत अधिक है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने बजट 2025-26 में 1441 बजट घोषणाएं की थी, जिनमें से 1246 घोषणाओं (86 प्रतिशत) और वर्ष 2024-25 के बजट की 1277 घोषणाओं में से 1188 घोषणाओं (93 प्रतिशत) की क्रियान्विति की गई है।

उन्होंने कहा कि इस बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट के लिए पूंजीगत व्यय 53 हजार 978 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो 2023-24 से 2 गुना से अधिक है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के लिए 32 हजार 526 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा है, जो 2023-24 से 53 प्रतिशत अधिक है। ग्रीन बजट में 33 हजार 476 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो पिछले वर्ष से 20.81 प्रतिशत अधिक है। शर्मा ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं के बेहतर आयोजन के लिए बजट में राजस्थान स्टेट टैस्टिंग एजेंसी की घोषणा की गई है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय अखिल अरोड़ा, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया सहित, अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## 'राष्ट्रगीत ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

इस साल की गणतंत्र दिवस परेड के दौरान, राष्ट्रीय गीत पर आधारित कई झांकियां प्रदर्शित की गई थीं। नए नियमों के तहत, राष्ट्रीय गीत के छह अन्तरों का संस्करण, जो 3 मिनट 10 सेकंड तक चलता है, विशेष सरकारी आयोजनों में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके मुकाबले, "राष्ट्रगान" जन गण मन 52 सेकंड का होता है। दिशा-निर्देशों में यह भी कहा गया है कि मृदंगम की ध्वनि राष्ट्रीय गान से पहले बजाई जाएगी। जब वन्दे मातरम् और जन गण मन दोनों बजाए जाएंगे, तो राष्ट्रीय गीत पहले बजाया जाएगा। पिछले नवंबर में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की कड़ी आलोचना की थी कि उन्होंने "मुस्लिम समुदाय को खुश करने के लिए गीत के महत्वपूर्ण अन्तरे हटा दिये थे।" मोदी ने कहा था कि "गीत को टुकड़ों में बांट दिया गया, और इससे देश के विभाजन के बीज बोए गए।" संसद के शीतकालीन सत्र में राष्ट्रीय गीत पर चर्चा के दौरान, सरकार और विपक्ष के बीच तीखी बहस और कहा-सुनी हुई थी।

## 'तीन साल ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

निर्वाचन आयोग के अधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। जिन अधिकारियों ने किसी विशेष जिले या पद पर तीन वर्ष से अधिक समय पूरा कर लिया है, उन्हें स्थानांतरित करना अनिवार्य होगा।

# वृंदावन के होटल में उद्घाटन के दिन ही आग लगी

मथुरा, 11 फरवरी। वृंदावन के रुक्मिणी विहार स्थित नव निर्मित सिद्धि विनायक होटल में बुधवार को उद्घाटन के कुछ ही घंटों बाद भीषण आग लग गई। आग लगते ही होटल के अंदर घना धुआं भर गया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में तीन लोग झुलस गए, जबकि करीब 40 लोग होटल के अंदर फंस गए। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

- **आग के दौरान 40 लोग अंदर फंस गए थे, तीन लोग झुलस गए हैं**
- **जिलाधिकारी ने बताया कि होटल में शॉर्ट सर्किट से आग लगी तथा होटल मालिक के परिवार के तीन लोग झुलस गए।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर बाद अचानक होटल की ऊपरी मंजिल से धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे परिसर में धुएं का गुबार फैल गया। होटल में मौजूद मेहमान और कर्मचारी घबरा गए। ?

कई लोग कमरों और गलियारों में फंस गए थे। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए क्रेन की मदद ली गई। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र को खाली कराकर सुरक्षा घेरा बना दिया।

हादसे में होटल मालिक सुभाष अग्रवाल के समधी हरिमोहन के बेटे विनीत की तबीयत अधिक बिगड़ गई, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, आग की चपेट में आकर तीन लोग झुलस गए। घायलों में दो बच्चे कार्तिक और समर तथा एक महिला जिया शामिल हैं। सभी को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। प्रशासन के अनुसार, सभी घायल खतरे से बाहर हैं।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि रुक्मिणी विहार स्थित सिद्धि विनायक होटल में उद्घाटन के दिन शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। उन्होंने कहा, इस घटना में होटल मालिक के परिवार के तीन सदस्य झुलस गए। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने तत्परता दिखाते हुए सभी फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। स्थिति अब नियंत्रण में है।

बताया जा रहा है कि होटल में कुल 24 कमरे हैं और बुधवार को ही इसका विधिवत उद्घाटन किया गया था।

# एप्स्टीन से मुलाकात अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल के तहत हुई- हरदीप पुरी

नई दिल्ली, 11 फरवरी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार (11 फरवरी) को बजट सत्र के दौरान एप्स्टीन फाइल्स का जिक्र किया, जिसके बाद देश में राजनीति गरमा गई है। इसे लेकर केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि युवा नेता (राहुल गांधी) को पता होना चाहिए कि एप्स्टीन फाइल्स गलत कामों और आपराधिक मामलों से संबंधित हैं।

केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने स्पष्ट किया कि उन्होंने जेफरी एपस्टीन से मुलाकात की थी, लेकिन यह मुलाकात अंतरराष्ट्रीय पीस इन्स्टीट्यूट (आईपीआई) के एक प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहते हुए हुई थी। उन्होंने कहा, साल 2009 में जब मैं अमेरिका में राजदूत था, तब ये मुलाकात हुई। सारी सच्चाई पब्लिक डोमेन में मौजूद है। सार्वजनिक रूप से करीब 3 मिलियन ईमेल हैं। इसके 8 साल बाद मैं मंत्री बना। इस दौरान 3-4 मुलाकातों का जिक्र है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि एप्स्टीन से उनकी मुलाकात केवल अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल के तहत हुई थी।

- **राहुल गांधी द्वारा जिक्र किये जाने के बाद मंत्री पुरी ने स्पष्ट किया।**

## 'आपने भारत माता ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कहा गया है कि भारत अमेरिका से 500 अरब डॉलर के ऊर्जा और तकनीकी उत्पाद खरीदेगा। उन्होंने कहा, "हम मूर्खों की तरह खड़े हैं। हमारा टैरिफ 18 प्रतिशत तक बढ़ गया है... और उनका 16 प्रतिशत से घटकर शून्य हो गया है।"

इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने हस्तक्षेप किया और गांधी से, जो विपक्ष के नेता भी हैं, अमेरिका के साथ हुए समझौते पर अपने दावों के समर्थन में तथ्य पेश करने को कहा।

रिजिजू ने कहा, "भारत की प्रगति से आपको खुशी नहीं होती। कांग्रेस ने 2014 तक देश को कमजोर किया और अब असंतुष्ट है.."

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को "अब तक का सबसे मजबूत प्रधानमंत्री" भी बताया।

राहुल गांधी ने व्यापार समझौते की फिर से आलोचना उस समय की, जब कुछ घंटे पहले ही अमेरिका समझौते के विवरण के साथ जारी की गई एक 'फैक्टशीट' से पीछे हट गया।

संशोधित दस्तावेज में अमेरिकी उत्पादों की सूची से 'दालों' को हटा दिया गया। इस सूची में कई कृषि और प्रोसैस्ड खाद्य उत्पाद शामिल थे, जिन पर भारत ने टैरिफ कम करने या घटाने पर सहमति जताई थी।

## भाजपा ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

क्योंकि वे विपक्ष के उन कुछ नेताओं में से एक हैं, जो सत्ता से सच बोलने से नहीं डरते हैं और न ही उन्हें आसानी से डराया जा सकता है।

## बांग्लादेश में जमात ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

उन्होंने कहा, "भारत और बांग्लादेश एक-दूसरे के लिए बहुत जरूरी हैं और हमें साथ मिलकर काम करना होगा।"

इस बयान को इस रूप में देखा जा रहा है कि जमात, अपने पुराने इतिहास और पहले पाकिस्तान समर्थक रुख के बावजूद, भारत के साथ काम करने की संभावना तलाशने के लिए तैयार है। हाल के महीनों में भारत से दूरी बनाकर रखना बांग्लादेश के लिए फायदेमंद नहीं रहा है और यह सरकार के लिए चुनौती बना हुआ है, क्योंकि बांग्लादेश की ज्यादातर जमीनी सीमा भारत से लगती है। हालांकि बांग्लादेश के जानकारों के अनुसार, बीएनपी अभी आगे मानी जा रही है, लेकिन जमात ने उन इलाकों में अपनी पकड़ मजबूत की है, जहाँ पहले वह कमज़ोर थी। पार्टी पर लगा प्रतिबंध हटने के बाद उसने यह बढ़त हासिल की है और अब वह बहुमत हासिल करने का लक्ष्य रख रही है। जमात के अमीर डॉ. शफीकुर रहमान ने कहा, सिर्फ एक साल पहले मेरी पार्टी को कमज़ोर माना जा रहा था और कहा जा रहा था कि हमें बहुत कम सीटें मिलेंगी। आज जमात बहुमत के करीब खड़ी है। यह जनता की इच्छा है। जब जनता एकजुट होती है तो उसे कोई नहीं रोक सकता।"

## रितु तावड़े ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

महापौर तावड़े और उपमहापौर घाड़ी शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करेंगे और राज्य सरकार इस कार्य में उनका पूरा सहयोग करेगी।

## 'डॉक्टर्स को उपभोक्ता ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम उपभोक्ताओं को वस्तुओं और सेवाओं में अनुचित व्यापार प्रथाओं या खामियों के लिए समाधान प्राप्त करने का एक तंत्र प्रदान करता है। सुप्रीम कोर्ट ने 13 नवंबर, 1995 के अपने फैसले में यह माना था कि चिकित्सा सेवाएं भी उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के धारा 2(1)(0) के तहत "सेवा" के दायरे में आती हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने 13 नवंबर, 1995 को दिए गए अपने फैसले में यह कहा था: चिकित्सक द्वारा एक मरीज को दी गई सेवा (जब तक कि डॉक्टर किसी मरीज को मुफ्त सेवा न दे रहे हों या व्यक्तिगत सेवा के अनुबंध के तहत सेवा प्रदान न कर रहे हों), परामर्श, निदान और उपचार (चिकित्सीय और शल्य चिकित्सा दोनों) के रूप में दी गई सेवा, अधिनियम के धारा 2(1)(0) के तहत "सेवा" के दायरे में आएगी।

"यह तथ्य कि चिकित्सा पेशेवर भारतीय चिकित्सा परिषद और/या भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम के तहत स्थापित राज्य चिकित्सा परिषदों के अनुशासनात्मक नियंत्रण के अधीन होते हैं, उनके द्वारा प्रदान की गई सेवाओं को (उपभोक्ता संरक्षण) अधिनियम के दायरे से बाहर नहीं कर सकता।"

## पैनग्विन रैंडम ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जब पुस्तक की स्थिति और अनधिकृत संस्करणों के कथित अवैध प्रसार के विरोध में दावे किए जा रहे हैं, जिससे प्रकाशक, पूर्व सेना प्रमुख और वरिष्ठ राजनीतिक हस्तियां एक व्यापक सार्वजनिक विवाद में शामिल हो गई हैं। पुलिस के अनुसार विशेष प्रकोष्ठ ने नोटिस के माध्यम से प्रकाशक से औपचारिक रूप से संपर्क कर कई सवाल पूछे हैं और उनके विस्तृत जवाब मांगे हैं।




सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908